सूर्योदय प्रातः 5:20 सूर्यास्त संध्या 6:16 पखवाड़ा वैशाख कृ. द्वितीया, संवत 2081 तापमान अधिकतम 39° न्यूनतम 25°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 73, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,339.44 | 486.50 (0.66%) |
| निफ्टी | 22,570.35 | 167.95 (0.75%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,600.00 |
| चांदी | 829.00 |

# तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल स्नातक, सशस्त्र बलों में दिया गया कमीशन

- पुणे में हुई सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड
- मित्र देशों के पांच कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट हुए स्नातक



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से गुरुवार को 58वें बैच में पास आउट हुए 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने सम्भाली। नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। परेड ग्राउंड में 58वें बैच के कैडेटों ने परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया। मित्र देशों के पांच कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 87 पुरुष और 25 महिला कैडेट हैं। इनमें से 88 को सेना, 10 को नौसेना और 14 को वायुसेना में नियुक्त किया गया है।

कमीशनिंग समारोह के बाद इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया। पुणे का सशस्त्र सेवा मेडिकल कॉलेज देश के शीर्ष पांच मेडिकल कॉलेजों में है। इस कॉलेज को 75 गौरवशाली वर्षों की सेवा के लिए 01 दिसम्बर, 2023 को भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने इसी साल 18 मार्च को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यूनिट प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया था।

## एक झलक

### मायावती ने की कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स से जुड़े बयान की निन्दा

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स से जुड़े बयान की कड़ी निन्दा की है। मायावती ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी सम्पत्ति पर विरासत टैक्स की सोच सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने की साजिश है। कांग्रेस द्वारा उसकी पैरवी गरीबों की भलाई का कम व राजनीति से प्रेरित गरीबी हटाओ की चर्चित विफलता पर लोगों का ध्यान बांटने का चुनावी प्रयास ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत में सम्पत्ति एवं सरकारी भूमि वितरण आदि से जुड़े मामलों में दलितों व वंचितों के लिए न्याय का सवाल है, तो इनकी सरकारों की सही नीयत के अभाव के कारण यहां गरीबी, पिछड़ापन, पलायन की विवशता दूर नहीं हो पायी है। कांग्रेस को उसकी ऐसी दागदार विरासत से मुक्ति मुश्किल है।

### आपातकाल लगानेवाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं: अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली :** चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे।

### खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, मांगा समय, बताना चाहते हैं क्या है पार्टी के न्याय पत्र में

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाने की इच्छा जतायी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठा कर अप्रासंगिक विषय बना कर साम्प्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वह अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिये पर रहनेवाले लोगों को न्याय प्रदान करना है।

## अंदर के पन्नों पर

4 हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से ...

5 डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था...

8 मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारा उद्देश्य : डीसी...

9 होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की...

10 पंजाब किंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी ...

### चम्बल की जमीन से प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला; कहा

# अब महापाप कर रही है कांग्रेस



एजेंसी

**नयी दिल्ली/मुरैना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को चम्बल की धरती से कांग्रेस पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान में स्पष्ट है कि धार्मिक आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। लेकिन, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने महापाप की शुरूआत करते हुए पिछड़ा वर्ग में मुसलमानों को भी शामिल कर लिया है।

मुरैना से भाजपा उम्मीदवार शिव मंगल सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर कुर्सी के लिए छटपटा रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं। कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ है, जबकि हमारे लिए देश ही सब कुछ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मप्र के लोगों ने कांग्रेस के समय का वह काला दौर भी देखा है। कांग्रेस की पॉलिसी है, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान, मेहनत और समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए, कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन नेशन वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही इसको लागू किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने एमपी को बीमारू राज्यों की लाइन में खड़ा कर दिया था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस के बनाये गड्ढों को भरने के बाद मध्य प्रदेश और चम्बल को नयी और गौरवपूर्ण पहचान दिलायी है। भाजपा सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के वे लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का काला दौर देखा है। 04 जून के बाद हमारे तेज-तर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विकास और स्पीड पकड़ने जा रहा है। मोदी ने कहा कि काली सिंध, पार्वती ● शेष पृष्ठ 11 पर

### आगरावासियों से आज विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं : मोदी

**आगरा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा की चुनावी सभा को राधे-राधे कह कर सम्बोधित करने की शुरूआत की। उन्होंने कहा, श्पहले मैं यहां आता था, तो कुछ देने के लिए आता था। कुछ लेकर आता था, लेकिन आज कुछ मांगने के लिए आया हूं। आज आपसे विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत विकसित होगा, तो आपका, आपके बच्चों का ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री 01 व 02 मई को करेंगे गुजरात का तूफानी दौरा

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में लोकसभा के चुनाव प्रचार की शुरूआत गुजरात स्थापना दिवस के दिन 01 मई से करेंगे। मोदी राज्य की 14 सीटों को कवर करने के लिए 01 और 02 मई को डीसा, हिम्मतनगर, आणंद, वढवाण, जूनागढ़ और जामनगर में सभाएं करेंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 01 मई को उत्तर गुजरात के डीसा और हिम्मतनगर में और अगले दिन 02 मई को मध्य गुजरात के आणंद, सौराष्ट्र के ● शेष पृष्ठ 11 पर

# अब भारत बोलता है, तो दुनिया कान खोल कर सुनती है : राजनाथ सिंह



एजेंसी

**नयी दिल्ली/लखीमपुर खीरी :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपना हर वायदे को पूरा किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है, तो दुनिया कान खोल कर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आये दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। आज कहीं पर भी आतंकवादियों को आतंकी हरकत करने की हिम्मत नहीं करते। जिस शक्ति से भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है, उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्पों को पूरा किया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनवाने के साथ ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कराया। इसके साथ ही तीन तलाक कानून को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं एवं परिवारों को न्याय दिलाया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिन्दुस्तान की गरीबी बढ़ती चली गयी। उन्होंने बताया कि मोदी की सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि हम सबको सतर्क रहने की जरूरत है। हमारी सनातन संस्कृति को कांग्रेस खत्म करना चाहती है। करतारपुर साहब हो या अन्य धार्मिक स्थलों को पुनरुद्धार करने का कार्य भाजपा ने किया है। भाजपा ऐसी पार्टी है, वह जो कहती है, करती है। हम लोगों ने कहा था जिस दिन संसद में हमें बहुमत मिलेगा अयोध्या में राम मंदिर बनायेंगे। आज रामलला अपनी कुटिया से निकल कर भव्य महल में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत में रामराज्य का आगाज हो चुका है। रक्षामंत्री ने कहा कि कांग्रेस ● शेष पृष्ठ 11 पर

### चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी और राहुल के बयान पर जारी की नोटिस

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को नोटिस जारी की है। आयोग का कहना है कि स्टार कैम्पनर के तौर पर नेताओं की अपनी जिम्मेदारी तो है ही, लेकिन पार्टी की भी जिम्मेदारी बनती है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष भाजपा के जेपी नड्डा और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल तक उनके स्टार कैम्पनर के बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, शिकायतों की प्रतिलिपि भी भेजी है।

# तीन नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण करने वालों में देवेन्द्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट शामिल थे। शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पी.के. मोदी भी उपस्थित थे।

# अमिताभ बच्चन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



एजेंसी

**बॉलीवुड** सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर का 2022 में निधन हो गया था। यह पुरस्कार उनकी स्मृति में परिवार और ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया था। कुछ दिनों पहले से ही चर्चा थी कि अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिलेगा। उनके अलावा म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान और एक्टर रणदीप हुडा को भी इस खास अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कुछ दिन पहले अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका उषा उत्थप को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अब अमिताभ बच्चन को संगीत जगत के दिग्गजों और मंगेशकर परिवार के सामने यह अवॉर्ड दिया गया। बिग बी की ये अवॉर्ड लेते हुए तस्वीरें सामने आ गई हैं। फोटो में बिग बी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

### राहुल की अपील, संविधान बचाने के लिए करें मतदान

**नयी दिल्ली :** आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है।

# भारतीय ऐतिहासिक रिकॉर्ड आयोग का नया लोगो और आदर्श वाक्य जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग (आईएचआरसी) का गुरुवार को नया लोगो और उद्देश्य को दशार्ता आदर्श वाक्य जारी किया गया। यह लोगो पूरी तरह से आईएचआरसी की थीम और विशिष्टता को दशार्ता है। कमल की पंखुड़ियों के आकार के पृष्ठ आईएचआरसी को ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना रखने के लिए लचीले नोडल संस्थान के रूप में दशार्ते हैं। मध्य में सारनाथ स्तंभ भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करता है। रंग थीम के रूप में भूरा भारत के ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण, अध्ययन और सम्मान के संगठन के मिशन को मजबूत करता है।

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार आईएचआरसी ऐतिहासिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों, ऐतिहासिक जानकारी के अन्य स्त्रोतों की पहचान करने, एकत्र करने, सूचीबद्ध करने और बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसा करके आयोग यह सुनिश्चित करता है कि मूल्यवान ऐतिहासिक ज्ञान भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित ● शेष पृष्ठ 11 पर

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केन्द्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की सम्भावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें 06 अनुसूचित जनजाति और 09 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जायेगा। मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा।

**किन सीटों पर होगा मतदान**

इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर ; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका ; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर ; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 07 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 08 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कौन-कौन खास नेता हैं चुनावी मैदान में

- इस चरण में 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें पुरुष - 1098, महिला - 102 और तृतीय लिंग - 02 हैं।

वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभानेवाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### हिल टॉप पब्लिक स्कूल बरियातू में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान



**रांची :** गुरुवार को रिलेशंस कि ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों को रक्षा के लिए 'पक्षी बचाओ अभियान' चलाया गया। इसमें बच्चों ने भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बाटे गए ।साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से हिल टॉप पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या संगीता राज, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं एव सैंकड़ो विद्यार्थी गण उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

### कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**खूंटी :** जरियागढ थाना क्षेत्र के नगडा गांव निवासी संजय गोप की पुत्री दीपिका कुमारी (14) की मौत कुएं में गिरने से हो गई। जानकारी के अनुसार दीपिका कुमारी अपने नाना शिवाजी गोप के घर नगडा गांव में शादी समारोह में शामिल होने अपने घर रेगरे छोटका टोली से आई थी। बुधवार को खाना खाने के बाद वह खेत तरफ गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर घरवाले उसकी खोजबीन करने लगे, तो उन्हें लोगों ने बताया कि दीपिका खेत तरफ गई हैं। स्वजन जब उधर ये, तो कुएं में दीपिका के शव को देखा। उसे बाहर निकाला गया, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना जरियागढ थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस नगडा गांव पहुंची और किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेजा दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया।

### जनक राजा होकर भी खेत में हल चलाते थे, फिर वर्तमान पीढ़ी कृषि से दूर क्यों : स्वामी श्री सशाकानंद जी

**रांची :** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में दो दिवसीय कृषि पाठ्यक्रम आधारित कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला में 30 स्कूलों के शिक्षक और ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला में राज्य के छह बुनियादी विद्यालयों और 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय के बच्चों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग और नवीन कृषि तकनीकों की शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों एवं ग्राम विकास समिति के सदस्यों को बताया गया कि भारत की भावी पीढ़ी कृषि क्षेत्र को कैसे एक करियर विकल्प के तौर पर चुने और उस दिशा में स्वयं को कैसे विकसित करे ? कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे रामकृष्ण मिशन के स्वामी श्री सशाकानंद जी ने कहा कि भारत पूर्व में गुरुकुलों का देश रहा है, यहां गुरुकुलों में राजकुमारों को कृषि की शिक्षा दी जाती थी। यहीं कारण था कि हमारे देश की मिट्टी सोना उगलती थी। मगर कालान्तर में गुरुकुल की जगह अंग्रेजी मीडियम स्कूलों ने ले ली, जिस अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से हम केवल नौकर बन सकते है। भारत में जमीन की कोई कमी नहीं है, हमारे देश का वातावरण कृषि के लिए उत्तम है, मगर वर्तमान पीढ़ी कृषि से दूर हो गयी है। कृषि को हीन भावना से देखने लगी है। इसका प्रभाव देश में कुपोषण और अन्न भंडार में कमी के रूप में दिख रहा है। स्वामी सशाकानंद जी ने कहा कि मिथिला नरेश श्री जनक महाराज राजा होकर भी हल चलाते थे, उन्होंने एक राजा होकर भी खेती की, मगर आज कि पीढ़ी खेती से दूर भागती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे भी आज खेतों में नहीं जाना चाहते हैं, उन्हें खेती से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है।

# मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही, नागरिकों को न हो कोई असुविधा : के. रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक,



पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे और मतदान करें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी न हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें। बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

# एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था। बावजूद आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपितों को मिला। मामले में एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम पर गलत तरीके से ठेका देने का आरोप लगा था। एचईसी ने 20 जून 2012 को कृष्णशिला प्रोजेक्ट में डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य के लिए ठेका देने को लेकर एक निविदा निकाली थी। इसका अनुमानित लागत 2.6 करोड़ रुपए था।

# लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क अभियान की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा के नेतृत्व में रांची लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क अभियान की तैयारी हेतु रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकोष्ठ जिसमे महानगर कांग्रेस, महिला कांग्रेस एव युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों की बैठक बुलाई जिसमे सभी प्रखंड अध्यक्षों के अंतर्गत आने वाले सभी 53 वार्डो के अध्यक्षों को डोर टू डोर कांग्रेस पार्टी की न्याय गारंटी कार्ड की जानकारी जनसंपर्क अभियान के जरिए पहुंचे ये निर्देश दिए गया, जिसका उद्देश्य मोहल्ला टोला में रहने वाले हर आखरी



व्यक्ति तक कांग्रेस की जनहित में लाई गई योजनाओं की जानकारी पहुंच सके। महानगर के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा का कहना है की जिस तरह से नरेंद्र मोदी की सरकार निरंतर किए गए वादों को पूरा करने में असमर्थ रही है ,और लगातार हर वर्ग के लोगो को ठगने और छलने का काम किया है उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता का भोग भोगना है चाहे जनता कितनी भी बेरोजगारी, महंगाई से त्रस्त हो जाए। अतः अब जनता जाग चुकी है और इस तानाशाह सरकार को तरीपार करने के लिया अस्वस्त है` उन्होंने ये भी कहा की जिस प्रकार से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पांच न्याय और पच्चीस गारंटी को घोषणा की है उससे जनता का पुरजोर समर्थन प्राप्त हो रहा है और कार्यकर्ता वार्ड एव बूथ स्तर तक लड़ाई लड़ने को तैयार है और इस जुमलो वाली रेलगाड़ी सरकार को पटरी से हटाने का मन बना लिया है। मौके पर मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की अध्यक्षा नीतू सिंह जी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विक्की ठाकुर, रांची विधानसभा के अध्यक्ष गौरव सिंह, हटिया विधानसभा के अध्यक्ष रवि शंकर आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बच्चों के बीच किया खेलकूद का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम Every Kid Healthy Week के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन सुबह 09:30 बजे राणी सती विद्यालय के बच्चों के साथ खेलकूद का आयोजन किया। जिसमें बोरा दौड़, किताब नियंत्रण दौड़ और चमच्च झ अंटा दौड़ की प्रतियोगिता हुई, जिसमें विजताओ को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद बच्चों के बीच में ताजे फल और जूस का वितरण किया गया। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधक ने साथ दिया, जिसके लिए शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने भी शाखा के कार्य की सराहना और प्रशंसा की। कार्य को सफल बनाने में शाखा के सदस्यों का भरपूर साथ रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा सर्राफ, दीपिका मोतिका, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार उपस्थित थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### सेमेस्टर वन के छात्र-छात्राओं को भी स्कॉलरशिप फॉर्म भरने की अनुमति दे मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन

# एसटी-एससी ओबीसी छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : विशाल कुमार यादव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ तरुण चक्रवर्ती को स्कॉलरशिप से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू से कहा के अन्य सभी महाविद्यालय में सेमेस्टर वन के आधार पर यूजी सत्र 22-26 के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जा रहा है परंतु मारवाड़ी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को इससे वंचित रखा जा रहा है जो छात्र हित में किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है उन्होंने डीएसडब्ल्यू श्री तरुण चक्रवर्ती से कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी सेमेस्टर वन के आधार पर स्कॉलरशिप भरने का मौका दिया जाए। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कल तक का समय मांगा है। वही छात्र आजसू के सदस्य ने डीएसडब्ल्यू से कहां के छात्र हित में स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका छात्र-छात्राओं को नहीं दिया गया तो छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा सीडीआरआई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंटरनेशनल कॉन्फेरेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (आईसीडीआरआई) की शुरुआत हुई। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 42 देशों के 117 वक्ता शामिल हो रहे हैं। आईसीडीआरआई, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) का एक प्रमुख ईवेंट है। सीडीआरआई 2019 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। सीडीआरआई में वर्तमान में 46 सदस्य हैं। इस साल आयोजित हो रहे आईसीडीआरआई 2024 का विषय 'इनवेस्ट टुडे फॉर ए मोर रेजिलिएंट टुमॉरो' है। आईसीडीआरआई एक दो दिवसीय ईवेंट है। इस कार्यक्रम में आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के विकास में मदद करने के लिए सरकारों, वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर समुदाय, बहुपक्षीय विकास बैंकों, निजी क्षेत्र और मीडिया को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। वर्चुअल रूप से इस ईवेंट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन के मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर डालते हुए कहा कि आपदाओं के कारण बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान का आंकड़ा डॉलर में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में इसका असर आम लोगों और समुदायों पर पड़ता है।

# सामाजिक संपर्क अभियान रांची लोकसभा की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सामाजिक संपर्क अभियान रांची लोकसभा की एक बैठक प्रधान कार्यालय में रांची लोकसभा संयोजक प्रेम मित्तल की अध्यक्षता मैं हुई बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संयोजक राकेश भास्कर रांची लोकसभा के प्रभारी संजीव विजय वर्गीय सहसंयोजक उमेश रंजन साहू शोभा यादव दिलीप सोनी जिला सहसंयोजक बजरंग वर्मा बसंत मित्तल एवं सभी विधानसभा के संयोजक सहसंयोजक मुख्य रूप उपस्थित थे बैठक का संचालन बजरंग वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राकेश भास्कर ने कहा कि भाजपा का सामाजिक संपर्क अभियान विभाग बहुत महत्वपूर्ण विभाग है हमें रांची लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी जातियों के प्रमुख लोगों से मिलकर उन्हें भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करना है एवं मोदी जी की नीतियों एवं गारंटी से अवगत कराना है इसके लिए मोहल्ले प्रखंडों में घूम-घूम कर सामाजिक धार्मिक लोगों से मिलना है और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करना है। संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि सामाजिक संपर्क अभियान विभाग भाजपा को झारखंड के सभी 14 सीटों में जीत दिलाने का काम करेगी इसके लिए दिन रात मेहनत करके सभी जातियों से संपर्क करना होगा। सामाजिक संपर्क विभाग के रांची जिला संयोजक प्रिया मित्तल ने सभी संयोजक सहसंयोजकों से आह्वान किया है कि भाजपा ने आप लोगों के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारी दी है हमें रांची में 5 लाख अधिक मतों से चुनाव जीतना है।

### राजधानी रांची में पेयजल की समस्या को लेकर युवा आजसू ने नगर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

# खराब चापानलों को किया जाये दुरुस्त : युवा आजसू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार को भीषण गर्मी में रांची में होने वाले जल संकट से निपटने के उपयोगी उपाय और तैयारी करने के संबंध में छह सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह और जब्बार अंसारी के नेतृत्व में नगर आयुक्त से मिले प्रतिनिधि मंडल ने गर्मी शुरू होते ही राजधानी रांची के प्रायः सभी इलाकों में उत्पन्न होने वाले भयावह जल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा मोर्चा ने टैंकरों की समुचित



व्यवस्था कर सभी इलाकों में निरंतर जल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, खराब पड़े चापाकल बोरिंग को अविलंब ठीक कराने, राज्य के सभी जलाशयों पर किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही सभी जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कड़े कानूनों का सख्ती से पालन कराने और वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर चलाने एवं पौधों के पेड़ बनने तक जिम्मेदारी पूर्वक देख रेख करने तथा रांची नगर निगम क्षेत्र में 'रेन वाटर हार्वेस्टिंग' विधि को अनिवार्य करते हुए इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि देश के कई बड़े शहर आज पानी की किल्लत को झेल रहे हैं। ऐसी ही पानी की समस्या से रांचीवासियों को भी न गुजरना पड़े इसके लिए आज हमने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही हम सभी राज्यवासियों से अपील करते हैं कि जल संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें क्योंकि जल है तो कल है। मौके पर उपस्थित युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अब्दुल जब्बार ने कहा कि रांची हाई कोर्ट ने भी पानी की समस्या पर चिंता जाहिर की है। बेंगलुरू जैसा जलसंकट झेल रहा है वही हाल कहीं झारखंड का भी न हो जाए। इस समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन

# प्रो. सरस्वती भारतीय संस्कृति, धर्म और आदिवासी अध्ययन के प्रणेता : डॉ. तपन कुमार शांडिल्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पूर्वाह्न 11 बजे प्रो बीएन सरस्वती मेमोरियल लेक्चर के तहत, संथाल समाज में आध्यत्मवाद, विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित थे, प्रसिद्ध मानवशास्त्री और विद्या भवन, विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन , पश्चिम बंगाल के पूर्व प्राचार्य डॉ. ओंकार प्रसाद। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने प्रो बीएन सरस्वती के संस्मरण में इस मेमोरियल लेक्चर की शुरूआत करते हुए विद्यार्थियों को प्रो सरस्वती से जुड़े हर महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी। उन्होने



बताया कि बीएन सरस्वती एक दशक तक भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता से जुड़े रहे। इस लंबी अवधि में उन्होंने ग्रामीण भारत में स्थानीय स्तर पर व्यापक कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़ने की सलाह दी, जिनमें एस्थेटिक्स ऑफ काशी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि प्रो बीएन सरस्वती ने 1995 से 2002 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में सांस्कृतिक दिशा में यूनेस्को अध्यक्ष का पद संभाला। कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने संथाल शब्द के शाब्दिक अर्थ की विस्तार से व्याख्या करने के बाद उसमें आध्यात्म को समझाया। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. ओंकार प्रसाद ने प्रो बीएन सरस्वती के जीवन वृत्त पर विस्तार से चर्चा करने के बाद विषय ,संथाल समाज में आध्यात्म पर संवाद किया। उन्होंने संथाल धर्म की परंपरा, त्योहार, गीत और नृत्य के बारे में बताया। उन्होंने संथाली देवता बोंगा को एक संरक्षक और प्रकृति का एक आंतरिक हिस्सा बताया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं में झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी एन साहू ने कहा कि झारखंड की सभी जनजातियां प्रकृति की उपासक है। उन्होंने संथालों के धार्मिक रीति रिवाजों की चर्चा की। विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के समन्वयक प्रो. (डॉ.) बिनोद कुमार ने संथाली संस्कृति को विस्तार से बताते हुए उनके धर्म और संस्कृति पर जोर दिया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सपम रणबीर सिंह, संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस, डीएसडब्ल्यू, श्री एसएम अब्बास और श्री जिंदर सिंह मुंडा ने भी संबंधित विषय पर उपस्थित विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। इसके पूर्व डॉ. सपम रणवीर सिंह प्रो बीएन सरस्वती को स्मरण करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी एन साहू, डीएसपीएमयू की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह, प्रो प्रतुल सरस्वती, टीआरएल विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### जेईई मेंस, 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित

# परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को एनटीए द्वारा जेईई मेंस, 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 32 छात्रों में से 22 छात्र जे. ई .ई एडवांस्ड की परीक्षा में शामिल होंगे ' सफल छात्रों में हर्ष कुमार (2909), धीरज उरांव (2971), ऋषि गर्ग (16994), सृष्टि (16996), शशांक अनंत(18232)स्वप्निल शिवम (19819), राघवेंद्र, उद्धव उत्कर्ष, कौस्तुभ किरण, मयंक मोहन गांधी, आयुष कुमार, आस्था रंजन, कुशाग्र सिंह, मृणाल मयंक सिंह, प्रशंसा प्रिया, क्षितिज, आदर्श रंजन, आर्यन, अनिशा अग्रवाल इत्यादि शामिल हैं। सभी उल्लिखित रैंक श्रेणी अर्हता के अनुसार हैं ।छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि आशीष आनंद स्वयं आईआईटी बॉम्बे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की अत्महत्या

**सिजुआ।** जोगता थाना क्षेत्र के भेलाटांड वीआईपी कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय दीपक आर्या नेअपने घर मे एंगल के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। आज अहले सुबह घरवालों को घटना की जानकारी लगी तब परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचना दिया, स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर जांच पड़ताल करते हुए अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद एनएमसीएच भेज दिया,वही मृतक के भाई सुनील आर्या के लिखित आवेदन पर पुलिस ने युडी कांड अंकित कर मामले की जांच पडताल में जुट गई।

### पीट नंबर छह से पुराना लोहा चोरी

**लोयाबाद।** बाँसजोड़ा में लोहा चोरों ने बाँसजोड़ा कोलियरी प्रबन्धन को परेशान कर रखा है। बाँसजोड़ा पीट नंबर छह के पास दिन के उजाले में पीट का पुराना लोहा चोरी कर ले जारहा है।कभी तो दिन में ही गैस कटर लेकर पहुँच जा रहा है।पीट के पूर्वी व उतरी छोर में जंगल झाड़ का फायदा उठाकर लगातार लोहा व तांबे की चोरी किया गया है।बाँसजोड़ा प्रबन्धक सुनील दास के आदेश का बाद पीट के आसपास जंगल झाड़ियों को साफ कराया गया है।ताकि चोरों को इसका फायदा न मिले।बताया जाता है कि पीट बन्द होने के बाद अपराधियों के लिए यह क्षेत्र चारागाह बन गया है।पीट बन्द होने से मजदूरो की ड्यूटी यहां कम हो गई है।सुनसान पाकर भी अपराधी चोरी की घटना अंजाम देते रहता है।

### मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 27 एवं 28 को

**झुमरी तिलैया।** रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा । स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमानी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है यदि किसी लोगों को भी अपना रजिस्ट्रेशन करना हो तो मोबाइल नंबर 70046 8 2019 रंजीता सेठ एवं 9939 5 9573 5 आरती आर्य एवं 9973 5 1947 1 मुक्ता बरहपुरिया एवं 93345 26591 माला दारूका पर संपर्क कर सकते

### सड़क दुर्घटना में मृतक युवक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**चौपारण ।** प्रखंड में बीते दिनों हथिया निवासी सागर चंद्रवंशी उम्र 28 वर्ष पिता महादेव राम का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। असामायिक मौत की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से मिलने पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाँढस बँधाया व हर सभव मदद का भरोसा दिया। कहा घटना हृदय विदारक है, परिवार वालों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मालूम हो कि बीते कुछ दिन पहले शादी समारोह से लौटने के क्रम चतरा रोड स्थित सवैया पुल के समीप सड़क दुर्घटना हो गया था। दुर्घटना स्थल पर ही सागर का मौत हो गया था। सागर का विवाह एक वर्ष पूर्व हुवा था और दोस्त के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए महज पाँच दिन पूर्व ही हैदराबाद से गाँव लौट था।

# हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रपत्र

संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र कल यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है। वहीं आदर्श



आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेगें। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते है जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्व से 3 बजे अपराह्व तक होगी।

## पीएमजीएसवाई सड़क बनाने में बरती जा रही है भारी अनियमितता

### मुखिया ने की जांच का मांग

संवाददाता



**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा एन एच 2 से चेचकप्पी होते हुए रोसा तक सड़क विशेष मरम्मती कार्य में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों के शिकायत पर बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया आबास अंसारी सड़क निर्माण कार्य को निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा किया गया शिकायत सही है, सड़क निर्माण काम रही सिद्धार्था कंपनी के द्वारा घटिया तरीके से काम कर रही है। इस दौरान कम गिट्टी, चिप्स का मिश्रण, कम मात्रा में सीमेंट का प्रयोग एवं बालु के जगह डस्ट मिलाकर पीसीसी किया जा रहा है। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि पहले ही विभाग के अधिकारियों को इस घटिया काम करने पर सूचना दी गई थी लेकिन इसके बाद भी यह कम्पनी बिना रोक टोक के काम कर रही है। इसलिए इस सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच हो अन्यथा यहां के ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अबुआ आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है जबकि इस कम्पनी ने सैकड़ों ट्रैक्टर बालू डम्प कर लिया है। इस बाबत सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी सरयू राणा और संतोष पाण्डेय ने बताया कि हम कम्पनी के वर्कर हैं हमें जो मटेरियल उपलब्ध होगा उसी से काम करेंगे। उसने बताया कि पीसीसी के सिमेंट का उपयोग कम मात्रा में किया जा रहा है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**चुरचू ।** आर.जी.एस+2हाई स्कूल चुरचू में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया स्कूल में पढ़ रहे अध्यनरत बच्चों को मलेरिया तकनीकी प्रवेछक रूपलाल कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम किया मलेरिया के साथ साथ अन्य वाहक जनित रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम के अन्तरगत मच्छर से होने वाले बीमारियों के रोकथाम बचाव का तरीका बीमारी के लक्षण के बारे में बताया कुमार ने लोगों से अपील करते हुवे कहा कि मच्छर से मलेरिया,फाइलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया, जी ई, जैसे बीमारी होते है । मलेरिया का ही सम्पूर्ण इलाज हो पाता है बाकी चार बिमारयों का सही तरह से



इलाज उपलब्ध नहीं है। इससे बचाव ही उपाय है। आस पास जल जमाव नही होने दे, जब भी सोए मच्छरदानी के अंदर ही सोएं, साम में खिड़की दरवाजा बंद कर रखे मच्छर को भागने के लिये करंज नीम तुलसी लिपटाश के पत्तों और गोबर का गोइथा का धुवां करे, ये काफी कारगर है। विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम वा क्विज कंपटीशन कराया गया जिसमें क्लास नेहा कुमारी प्रथम असलम अंसारी द्वितीय एवं शिवानी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त कि। कार्यक्रम में शशि सर,किशोर सर, आलम सर, कंचन मैडम, प्रीति मैडम , सोनमती मैडम मणि हेमब्रॉम मैडम,प्रिया रुंडा मैडम, साक्षी रुंडा मैडम, श्वेता बारला मैडम ,अल्फा ज्योति मैडम, एनी मैडम, प्रियंका मैडम, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने किया जनसंपर्क

संवाददाता

**हजारीबाग ।** शशिभूषण केशरी ने लोक सभा चुनाव में अपने आप को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में घोषणा करने के साथ ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया।इस अभियान में पदमा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया । जहाँ लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इनके चुनाव लड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए अपना समर्थन दिया । पदमा प्रखण्ड जाने के क्रम में पदमा गेट के पास सूरजपुर के युवायो ने भव्य स्वागत करते हुए इनके जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए । प्रखण्ड के क्षेत्रों में लोगों को संबोधित करते हुए इन्होंने अपने आप को राजनीति में आने के कारणों को स्पष्ट करते



हुए कहा कि मैं एक ऐसे समाजसेवी और आंदोलनकारी का बेटा हूँ जिन्होने अपना सारा जीवन समाज के लिए न्योछावर कर दिया । जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री केशरी ने लोगों के विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आज के नेताओ ने तो राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है । सच्चे अर्थों में राजनीति सेवाभाव का नाम है लेकिन आज के नेता राजनीति के नाम पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं । हमारे हिन्दू परिवारों के बीच जात-पात के नाम पर, धर्म के नाम पर, बेरोजगारी के नाम पर, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के नाम पर गंदी और ओक्षी राजनीति कर रहे है।ऐसी राजनीति करने वाले लोगों के खिलाफ मेरी लड़ाई है । श्री केशरी ने कहा कि मुझे एक ऐसा समाज सेवक बनना है जहाँ हमारी माताये,बहन- बेटियां सभी सुरक्षित रह सके । हर युवा के हाथ में काम हो। हमारे युवा रोजगार के लिए अपने क्षेत्रों से पलायन ना करें । समाज एवं राष्ट्र का बेटा होने के नाते इस लड़ाई के लिए मुझे आपका साथ और आशीर्वाद चाहिए । चुनाव चिह्व मिलने के बाद सभा करने की बात करते हुए श्री केशरी ने कहा कि मुझे आप सबो की आवाज बनकर संसद की सीढ़ीया चढ़ना है । इस मौके पर बरामबेला मुखिया परमेश्वर प्रसाद मेहता ने श्री केशरी को गुड सरबत पीलाकर स्वागत करते हुए कहा कि आप जैसे कर्मठ युवा समाजसेवी एक सांसद के रूप में इस देश को चाहिए ।

## आरोपी मुकेश कुमार के कई स्थानों पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

संवाददाता



1 **लोयाबाद।** लोयाबाद पुलिस पोस्को एक्ट के नामजद आरोपी मुकेश कुमार को हाजिर होने के लिए लोयाबाद के कई स्थानों पर इस्तेहार चिपकाया है।धनबाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा आरोपी मुकेश कुमार के घर पे,लोयाबाद चाय दुकान तथा लोयाबाद बीस नंबर के एक जनरल स्टोर के पास इश्तेहार चिपकाया है।न्यायालय में 15 मई 2024 को हाजिर होने के लिए कहा गया है।बताया जाता है कि दिसम्बर 2023 में लोयाबाद छह नंबर के रहने वाले रतनेश कुमार व उसका पुत्र मुकेश कुमार पर लोयाबाद पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत कांड संख्या 42/2023 दिनांक 18/12/23 धारा 354/506/8(12)पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में रतनेश कुमार हाल ही जमानत पर जेल से बाहर आया है। लेकिन उसका पुत्र अब भी फरार है। ज्ञात्त हो कि लोयाबाद बीस नंबर निवासी यशोदा देवी ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ ज्यादती की शिकायत पुलिस की थी,इसी शिकायत के आलोक में पुलिस केस दर्ज किया था।

## कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता

**कोडरमा ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के संयुक्त नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में कोडरमा प्रखंड के गझंडी पंचायत के बूढ़ी टांड़ जुमकागढ गोरियाटो मैं चलाया जनसंपर्क अभियान तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोडरमा लोकसभा विकास में कॉस दूर है इस बार विनोद कुमार सिंह को एक-एक वोट देकर विजय बनाने की आवश्यकता है ताकि कोडरमा लोकसभा का भविष्य मायका ढिबरा पलायन बेरोजगारी इत्यादि




को देखते हुए एक एक वोट विनोद सिंह को देने की अपील की गई लोगों ने जनसंपर्क अभियान में बताया कि आज तक हम लोगों को सरकार की योजनाएं से काफी दूर रखी गई है इस परिस्थिति में हम सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करूंगा इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित थे जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार युवा मोर्चा जिला सचिव छोटू यादव रंजीत कुमार मोहम्मद नसीम कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लखन पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## लाह आधारित आजीविका एवं कौशल विकास पर कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता



**हजारीबाग ।** सपोर्ट संस्था एवं सिडबी के संयुक्त तत्वाधान में डाडी प्रखंड के पंचायत भवन चैनपुर में लाह आधारित आजीविका एवं कौशल विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।साथ ही साथ जल छाजन भवन चैनपुर में लाह प्रसंस्करण इकाई एवं कलुआ तांड जल छाजन भवन में लाह चूड़ी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाह खेती को बढ़ावा देना एवं लाह उद्यमी किसन की स्थापना सुनिश्चित करना है, ताकि उनकी आजीविका निरंतर बनी रहे, एवं रोजगार सृजन का कार्य ग्राम स्तर पर होता रहे कुल 60 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो रहे हैं तथा लाह को एक उद्यम के के रूप में विकसित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिडबी के सहायक महाप्रबंधक श्री मुकुल एक्का ,सिडबी से संदीप जी, सपोर्ट संस्था के सचिव भवानी शंकर गुप्ता जी, सपोर्ट से ही अभिषेक शंकर,सौम्या मूर्ति, दीपक सिंह, बरुण यादव तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक

संवाददाता

**कोडरमा ।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11:00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा




भी रखी गई है । जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे । कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को आदरणीय अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए।कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

## मनीष जायसवाल ने दर्जन गांवों का किया दौरा

संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र क हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न भाजपा मंडलों के तूफानी दौरे पर है। गुरुवार को उन्होंने रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों का 42-44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और जन संवाद किया। पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों तक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का दिल जीता। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने तालाटांड़, पतरातु डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातु, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया। सभी गांवों में भाजपा और आजसू कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों ने मिलकर ग्रामीण पुरुषों ने गाजे- बाजे के साथ ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए फूल माला पहनाकर और माता-बहनों ने आरती उतारकर और पुष्प वर्षा करके एवं फूल माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत कर अपना स्नेह, प्यार, आशिर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया । बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड के तालाटांड़ पंचायत स्थित पतरातु डैम की तलहटी पर बसा उचरिंगा में विस्थापित नाविक युवा संघर्ष समिति, पतरातु डैम द्वारा

## कांग्रेस प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता

**हजारीबाग।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को अपने क्षेत्र का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया।

लोकसभा के प्रखंड गोला के नेमरा, उपरबरगा बाजार टांड, बलरंगा बाजार टांड, सरगडीह गांव, डिमरा चौक दुर्गा मंदिर, नवाडीह, चौकड़बेड़ा, कोराम्बे, मोहनबेड़ा, पुरबडीह, रायपुरा, बारघुद्ध मे किया जनसंपर्क किया।दौरे की शुरूआत प्रातः सुबह गोला प्रखंड के नेमरा से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के बारघुद्ध में जनसंवाद के साथ किया। क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध में कांग्रेस



प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया।

गर्मी के बावजूद जनता ने स्नेह और समर्थन जताते हुए प्रत्याशी के साथ खूबसूरत संवाद को साझा किया।प्रखंड गोला में कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का आश्वासन दिया और लोकसभा में अपने प्रदर्शन के माध्यम से जनमानस की प्रतिध्वनि बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कामकाज कार्यक्रम में जनता के साथ साझेदारी पर जोर दिया और उनके विकास और कल्याण के लिए पूरी मेहनत और समर्थन की दावेदारी ली।

इसके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम का संकल्प भी दिया।

क्षेत्र की जनता कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के अथक मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें खूब प्यार, स्नेह, आशिर्वाद और पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रही है।सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में इंडिया गठबंधन की प्रचंड विजय का शंखनाद है। जय प्रकाश भाई पटेल हजारीबाग के क्रांतिकारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझते हैं।

## बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के शिक्षकों ने शुरु की डेमो क्लास

**हजारीबाग ।** राज्य सरकार द्वारा संचालित बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के शिक्षकों ने सराहनीय पहल की है। विद्यालय में नामांकन से पूर्व शिक्षण व्यवस्था से अवगत कराने और संतुष्ट होने के बाद नामांकन कराने की सुविधा प्रदान करते हुए डेमो क्लास प्रारंभ की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना देकर बकायदा डेमो क्लास गुरुवार से प्रारंभ किया है। ज्ञात हो कि चुरचू जैसे दुर्गम क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1984 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। तब से लेकर आजतक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दम पर विद्यालय लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। 2024 में भी विद्यालय ने दशवीं बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता की है। रिजल्ट से उत्साहित शिक्षकों ने छात्राओं के बीच यह अवसर प्रदान किया है और डेमो क्लास के माध्यम से एक सप्ताह तक कक्षा करने और संतुष्ट हो जाने पर कक्षा नवम में नामांकन लेने की पहल की है। विद्यालय के इस पहल से क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के साथ साथ अभिभावकों ने मुक्त कंठ प्रशंषा की है। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने और छात्राओं के लिए बेहतर विद्यालय होने की जानकारी देने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक अंजनि कुमारी के नेतृत्व में पोषक क्षेत्र के आठ किलोमीटर के परिधि में संचालित मध्य विद्यालयों में जाकर बच्चों के साथ शिक्षकों को इसकी सूचना हीं नहीं दी बल्कि जन प्रतिनिधियों की मदद से गांव में भी संपर्क अभियान चलाया। तपती धूप में इनकी मेहनत को देखते हुए मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भी परियोजना बालिका विद्यालय के शिक्षकों की सराहना और सहायता की है।

राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर व कमिशनिंग के लिए कमरों का किया निरीक्षण

# डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार 25 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिशनिंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निरसा विधानसभा हेतु क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों एवं कमिशनिंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में निरसा के एआरओ एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।



इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। वही पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम हेतु स्थान चिन्हित किया गया। साथ ही डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर उपायुक्त से व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा इंद्रलाल ओहदार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुण्ड मधु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## एक झलक

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बाघमारा (धनबाद) :** जोगता थाना क्षेत्र के भेलाटांड वीआईपी कॉलोनी के 27 वर्षीय दीपक आर्या ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली। गुरुवार कि प्रात:काल घरवालों को घटना की जानकारी लगी, तुरंत परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचित किया। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए आनन फानन भेज दिया। वही मृतक के भाई सुनील आर्या के लिखित आवेदन पर पुलिस ने युडी कांड अंकित कर मामले की जांच पडताल में जुट गई।

### ग्रामीण व कोलियरी क्षेत्र की समस्याओं के लिए बीसीसीएल सीएमडी से मिली नेत्री रागिनी सिंह

**धनबाद :** झरिया कतरास समेत पूरे कोलियरी क्षेत्रों में ग्रामीणों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु गुरुवार को भाजपा नेत्री सह जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह प्रतिनिधिमंडल के साथ बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से कोयला भवन स्थित बीसीसीएल मुख्यालय में मिली। सिंह ने सीएमडी श्री दत्ता से कोलियरी क्षेत्र में पानी, बिजली ,स्वास्थ्य ,शिक्षा , सड़क समेत कई गंभीर विषयों पर वार्ता की। सीएमडी श्री दत्ता ने सभी मुद्दों और मांगो पर विचार कर जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार गुरुवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी।

### विश्व मलेरिया दिवस में स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**धनबाद :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई।

### चोरी करने व मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**धनबाद :** डीवीसी कालोनी के एक आवास में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक शख्स सहित मारपीट करने वाले एक युवक को चंद्रपुरा पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि कालोनी के पश्चिम पल्ली इलाके में डब्ल्यूसीबी 16/5 में 30 मार्च को चोरी हुई थी जिसमें सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर चंद्रपुरा के संडे मार्केट में रहने वाले रवि कुमार को पकड़ा गया तथा उसके पास से चोरी किया गया नकदी, दो सेट चांदी का पायल, चोरी में इस्तेमाल किया गया रॉड तथा एक बाइक बरामद किया गया। वहीं दुगार्पुर डोरमेट्री के पास मारपीट में घायल हरजीत सिंह की शिकायत पर आरोपी प्रथम कुमार उर्फ रोहन, पिता विनोद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक ली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबादः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री



संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है। इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगा, वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी। साथ ही पोलिंग पार्टी, पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही एरर, एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक-एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रीसाइडिंग ऑफिसर, एआरओ, एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को ईवीएम कमिशनिंग, मॉक पोल प्रोटोकॉल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वीवीपैट को अत्यधिक गर्मी से बचाना, चुनाव संपन्न होने के बाद वीवीपैट से पावर बैकअप निकाल लेना, ईवीएम के रिसीविंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा के अलावा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी मौजूद थे।

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगटांड चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद




सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सुश्री विनीता कुमारी, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

# ग्रामीणों और प्रशासन के सहयोग से रास्ता से ओबी हटा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** गुरुवार को जयरामपुर से मोदीभीठा, जेलगोरा जाने वाली मुख्य मार्ग जयरामपुर आउटसोर्सिंग परियोजना के प्रबंधन द्वारा जयरामपुर पांच नंबर के पास पांच दिन पहले ओबी गिरा कर बंद कर दिया गया था। लोगों को जेलगोरा मोदीभीठा आने जाने का मार्ग पूरी बाधित हो गया। ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधक कुम्भ नाथ सिंह से कहा तो उन्होंने जवाब दिया कि वैकल्पिक सड़क का व्यवस्था किया जाएगा, मार्ग सुरक्षित नहीं है।इसके बाद ग्रामीण बीसीसीएल प्रबंधन से बात किया तो महाप्रबंधक तथा परियोजना पदाधिकारी तीन दिनों से केवल



आश्वासन दे रहे थे। इधर प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं होता देख ग्रामीणो ने उसकी शिकायत पुलिस प्रशासन तथा रघुकुल से किया ।जिसके बाद एकलव्य सिंह द्वारा जेसीबी भेजकर ग्रामीणों के सहयोग से ओबी हटाया गया। रास्ता खुल जाने से ग्रामीण में हर्ष का माहौल है। मौके पर ग्रामीणों की ओर से राम बाबू सिंह, दीपक सिंह, रूपक सिन्हा, बंटी शर्मा,दिलीप महतो , कन्हैया , भोला आदि उपस्थित थे। बत्ती घर तोड़ने आए अधिकारियों को झेलना पड़ा ग्रामीणों का विरोधः इधर जयरामपुर कोलियरी के समीप गुरुवार को ही बत्ती घर तोड़ने आए बीसीसीएल प्रबंधन को ग्रामीणों के विरोध को देखने के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताते चले कि जयरामपुर बीसीसीएल प्रबंधन अपने दल बल के साथ बत्ती घर तोड़ने के लिए जयरामपुर कोलियरी पहुंची थी ।टीम का नेतृत्व एसीएमडी के मीना तथा बलबीर सिंह कर रहे थे, वे अपने साथ जेसीबी तथा सीआईएसएफ जवान लेकर पहुंचे थे। उनका कहना था कि इधर से रास्ता निकालना है तो बत्ती घर को तोड़ा जाएगा। इसपर ग्रामीणों ने विरोध किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जीत दिलाने के लिए राकोमयू ने कसी कमर

- भाजपा को पराजित करने के लिए संकल्पित हैं सभी श्रमिक संगठन व सम्पूर्ण इंडिया गठबंधन : ए के झा
- रणनीति बनाने के निमित्त 29 अप्रैल को होगी होटल ब्लैक रॉक में बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के महामंत्री ए के झा ने राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केन्द्रीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी समिति के सदस्य, रीजनल, क्षेत्रीय, शाखा के पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता के नाम पत्र जारी करते हुए कहा है कि ₹आगामी 25 मई 2024 को धनबाद संसदीय क्षेत्र का चुनाव हो रहा है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अनुपमा देवी को कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, इंडियन नेशनल माइंस वर्कर फेडरेशन एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने हमेशा देश के हर संसदीय और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया है और उसे विजयी बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। झा ने कहा है कि, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी, जननायक-कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दिये वचन और संकल्प के आधार पर इंटक और इंटक से सम्बन्धित सभी श्रमिक संगठन तथा सम्पूर्ण इंडिया गठबंधन से सम्बद्ध संगठन इस संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के घोषित उम्मीदवार को पराजित करने के लिए संकल्पित है। यह संसदीय चुनाव देश की जनता का भविष्य तय करेगा। देश मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित, दलित चलायेंगे या चंद पूंजीपति चलायेंगे। बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता के खिलाफ लड़ना हमारा कर्तव्य है। देश मजदूर और किसानों की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत में इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए यूनियन की एक आपातकालीन बैठक 29 अप्रैल सोमवार दिन 11:00 बजे धनबाद स्थित ब्लैक रॉक के सभागार में आयोजित की गयी है। इस बैठक में संघ के सभी शाखा, क्षेत्रीय, रीजनल और केन्द्रीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आपसी विचार विमर्श के साथ संसदीय चुनाव की रणनीति बना कर अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपने संकल्प के साथ कार्य करेंगे।

# बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में सेफ्टी मेनेजमेंट प्लान पर वर्कशॉप का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में गुरुवार को सेफ्टी मेनेजमेंट प्लान पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया ।आयोजन में बस्ताकोला क्षेत्र के तीनों ऑपरेटिव माइंस के एसएमपी का रिव्यू किया गया। इस बैठक में बस्ताकोला एरिया के महाप्रबंधक जयेश चंद्र राय, महाप्रबंधक सुरक्षा एवं बचाव अरुण कुमार, डीजीएमएस डायरेक्टर इलेक्ट्रिकल डीए सोमायाजुलु, डायरेक्टर मैकेनिकल सुरेश कुमार ,डेप्युटी डायरेक्टर ए कुमारेश, डिप्युटी डायरेक्टर कौशीक शेन गुप्ता, डिप्युटी डायरेक्टर सीएच लक्ष्मी नारायण, अंतरिक सुरक्षा संगठन के अधिकारी संजय तलमले, डीके श्रीवास्तव, बस्ताकोला एरिया के सभी परियोजना पदाधिकारी, एचओडी , कोलियरी प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी वर्कमैन इंस्पेक्टर तथा आउटसोर्सिंग के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ बस्ताकोला महाप्रबंधक श्री राय ने सभी डीजीएमस अधिकारीयो का शॉल भेट कर स्वागत कर किया।

# कतरास कालेज से छात्र-छात्राओं के लाने के लिए शुरू होगी बस सेवा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा प्रखंड स्थित एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय कतरास कॉलेज में ठप पड़ी सरकारी बस शीघ्र शुरू होगी। यह बात कॉलेज के प्राचार्य गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से कही। गुरुवार को इस मामले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता प्रदर्शन करने कॉलेज पहुंचे थे। लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद एबीवीपी कार्यकताओं और प्राचार्य के बीच बस चलाने को लेकर सहमति बनी। प्राचार्य ने कहा कि चौबीस घंटे के भीतर बस का रुट-चार्ट व समय-सारणी जारी की जाएगी। ज्ञात होगी इस संबंध में एबीवीपी कार्यकताओं कुछ दिन पूर्व स्कूल प्रबंधन को मांग पत्र सौंप कर बस शुरू करवाने को लेकर अल्टीमेटम दिया था ।जसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ता आज प्रदर्शन करने स्कूल परिसर पहुंचे। मौके पर प्रांत विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण, मीडिया प्रभारी गोपाल केवट, एसएफएस प्रमुख रोहित राज दे, जीवविज्ञान विभाग संयोजक सिंटू मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत गुप्ता, विक्रम बजरंगी, शुभम पॉल, वरुण चावला, प्रियांशु चौरसिया, शुभम हजारी, आलोक सिन्हा व सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रेल प्रबंधक ने किया रेल यात्रियों के बीच जल वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कोयलांचल धनबाद में भीषण गर्मी को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक केके सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के निदेर्शानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में आज धनबाद, गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स, रोवर, रेंजर्स, एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर



सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक सप्ताह से धनबाद स्टेशन, गोमोह स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेयजल यात्रियों तक पहुंचाया जा रहा हैं। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सराहा। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आप सबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है।

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार 25 अप्रैल को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय दुधिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगापाडा में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में सभी अभिभावकों को आगामी 25 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी अभिभावकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित



सभी शिक्षक मौजूद थे। वही बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय आमटाल मे अभिभावक- शिक्षक द्वारा शपथ लेकर मिटिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के बुथ संख्या - 508,271,252,234,282,172,170,240,240,241,242,243,273, एवं 212 के स्कूल एवं घर-घर जाकर स्वीप कार्यक्रम किया गया एवं मतदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया। सेल कोलियरी में कार्यरत कर्मी एवं आस-पास के सदस्यों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाकर शपथ ली गई। मतदान के महत्व और नए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाया गया। इस दौरान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए लोगों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे। लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।

### मायुमं झरिया समृद्धि शाखा ने किया पनशाला का उद्घाटन

**झरिया (धनबाद) :** गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच समृद्धि शाखा झरिया के द्वारा पनशाला की व्यवस्था गोयल मेडिकल के सामने की गई। इस व्यवस्था में झरिया समृद्धि शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल के साथ सचिव स्वाति अग्रवाल, शिल्पा झुनझुनवाला, सोनिया झुनझुनवाला, निधि अग्रवाल और रितु अग्रवाल उपस्थित थी। वही पूर्व अध्यक्ष मौजूद थी जिनके द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया। कार्यक्रम की जानकारी अर्चना अग्रवाल और प्रियंका करीवाला ने दिया। इस दौरान इन्होंने कहा कि बढती गर्मी को देखते हुए पनशाला की व्यवस्था की गई है, राहगीरों को इस प्रचंड गर्मी में घड़े के ठंडे स्वच्छ पेयजल पीने से राहत मिलेगी।

## सम्पादकीय.....

# आओ मतदान करें

**18वीं** लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता।

## ● किसने क्या कहा



आगरावासियों से आज विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बना कर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं



**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

विशेष | अरुण कुमार दीक्षित

**डॉ.** आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31। स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है।

**भारतीय** राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए।

आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है । समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का 'गांधी' आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए । गांधी को भी जाति के खाँचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए। डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा।

# घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?

गौरतलब | ओमप्रकाश मेहता

**भारत** की इस अहम समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्रभक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्रभक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है?

**विश्व** के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर 'अंग्रेज राज' को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है। वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

## आज का इतिहास

- 2010 में बिहार सरकार ने बिहार के प्रसिद्ध चिनिया केले की ब्रांडिंग 'गंगा केला' के रूप में करने का फैसला किया था।
- 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बना 390 मेगावाट का दुलहस्ती हाइडल पावर प्रोजेक्ट देश को समर्पित किया था।
- 2006 में आज ही के दिन भारत और उजबेकिस्तान ने 6 संधी पर हस्ताक्षर किए थे।
- 2004 में ईराक के नए झंडे को मान्यता दी गई थी।
- 1993 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बोइंग-737 विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से तकरीबन 60 लोग मारे गए थे।
- 1990 में आज ही के दिन वीआरपी मेनन ने लगातार 463 घंटे डिस्को डांस कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।
- 1980 में आज ही के दिन स्थितीय खगोल विज्ञान केंद्र कोलकाता) में स्थापित किया गया।
- 1975 में आज ही के दिन अपनी खूबसूरती के लिए पहचान बनाने वाला सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था।
- 1974 में माल्टा ने संविधान अंगीकार किया था।
- 1962 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था।
- 1959 में क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया था।
- 1920 में आज ही के दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन हो गया था।
- 1903 में गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की थी।
- 1828 में 26 अप्रैल के दिन यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।
- 1755 में रूस की पहली यूनिवर्सिटी राजधानी मॉस्को में खोली गई थी।
- 1654 में आज ही के दिन यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया था।

## अंकजाल - 7477

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 9 | 14 | 20 | 22 | 19 | ■ | 26 | 30 | ■ |
| 28 | | 9 | | 7 | | ■ | | 7 | 12 |
| 27 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | 4 | | 13 |
| ■ | ■ | ■ | | 7 | | 8 | | 5 | 34 |
| 13 | 3 | | 2 | ■ | 7 | | 4 | | 16 |
| 20 | | 9 | | 3 | ■ | 5 | | 7 | 18 |
| 25 | 3 | | 4 | | 2 | | ■ | ■ | ■ |
| 9 | | 3 | ■ | 4 | | 8 | | 5 | 32 |
| 14 | 8 | | ■ | | 6 | | 7 | | 28 |
| ■ | 26 | 32 | ■ | 16 | 15 | 37 | 15 | 8 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

*अंकजाल 7476 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 17 | 16 | 49 | 35 | ■ | ■ | 16 | 20 | ■ |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 6 | 5 | 4 | 15 |
| 23 | 9 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 20 |
| ■ | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 35 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 33 |
| 38 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | ■ | ■ |
| 35 | 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ |
| 14 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 8 | 29 |
| 16 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 5 | 23 |
| ■ | 18 | 13 | ■ | ■ | 35 | 51 | 13 | 19 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## भावना भी समझें

**एक** आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें।

## सुविचार

आशा कभी आपको छोड़ कर नहीं जाती है,
आप इसे छोड़ते हैं।
**जॉर्ज वीनवर्ग**

मनुष्य अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।
**चाणक्य**

# 2024 : कांग्रेस, पाकिस्तान और मुसलमान

**जैसे** कि उम्मीद थी तकरीबन वैसा ही हो रहा है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की इलेक्शन कैंपनिंग कांग्रेस, पाकिस्तान और मुसलमानों के ईर्द-गिर्द ही घूम रही है। चुनाव शुरू होने से पहले और अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जितनी भी सभाएं हुईं हैं या जितनी दफा भी उन्होंने भाषण दिए हैं उनका केन्द्र या तो पूर्ववर्ती कांग्रेसनीत सरकार की खामियां गिनाना रहा है या फिर पाकिस्तान की बात करना या प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर मुसलमानों का जिक्र करना ही रहा है। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों को शायद कम ही गिनाया है। इसके पीछे वजह जो भी हो लेकिन मोदी जैसी शख्सियत से ये उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि वो अपने कामों से वोट मांगें। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक पुराने भाषण का हवाला देते हुए मुसलमानों पर टिप्पणी की थी, जिसमें उन्हें घुसपैठिए और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला कहा गया था। पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह के जिस 18 साल पुराने भाषण का जिक्र किया है, उसमें मनमोहन सिंह ने मुसलमानों को पहला हक देने की बात नहीं कही थी। तब मनमोहन सिंह ने 2006 में कहा था, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए। अब, इतने साल बाद मोदी ने मनमोहन सिंह की इस टिप्पणी को अपने भाषण में क्यों इस्तेमाल किया ये बताने की जरूरत नहीं है। जिनके ज्यादा बच्चे हैं.. ये बात वो मोदी कर रहे हैं जो खुद 6 भाई-बहन हैं जिनमें वे तीसरें नंबर के हैं, उनकी एक बहन भी है। ये सभी जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी का जन्म तत्कालीन बॉम्बे राज्य के महेसाना जिला स्थित वडनगर ग्राम में हीराबेन मोदी और दामोदरदास मूलचन्द मोदी के एक मध्यम-वर्गीय परिवार में 17 सितम्बर 1950 को हुआ था। वह पैदा हुए छह बच्चों में तीसरे थे। हीराबेन मोदी और दामोदरदास मूलचन्द मोदी के सबसे बड़े बेटे सोमभाई मोदी हैं। दूसरे नंबर पर अमृतभाई मोदी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी से छोटे उनके भाई प्रह्लाद मोदी, फिर इकलौती बहन वसंतीबेन और सबसे छोटे भाई पंकज मोदी हैं। मोदी का परिवार मोध-घांची-तेली समुदाय से था, जिसे भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

पीएम मोदी के ज्यादा बच्चे और घुसपैठिये वाले बयान के बाद अब खुद मोदी और भाजपा नेता अपनी सरकार को मुसलमान हितैषी बताने की कोशिश कर रहे हैं। यहां ये बताना लाजमी होगा कि कुछ महीनों पहले ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भी मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने की कोशिश की थी। भाजपा ने पिछले साल मुसलमानों को पार्टी से जोड़ने के लिए मोदी भाईजान अभियान शुरू किया था। इसके तहत मुस्लिम बहुल गांवों में कौमी चैपाल मुहिम चलाई थी। लेकिन, जल्द ही भाजपा का कथित मुस्लिम प्रेम ज्यादा दिन परवान नहीं चढ़ सका और राजस्थान में पीएम मोदी ने मुसलमानों को ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला और घुसपैठिया तक कर दिया। इससे पहले भी असम में मुसलमानों की तुलना घुसपैठियों से करते हुए मोदी ने बांग्लादेशी प्रवासियों पर भी टिप्पणी की थी।

# हमारी आंखों के सामने भारत के रूप में एक नये वैश्विक केन्द्र का उदय

डॉ. मयंक चतुर्वेदी | आयुषी दवे

**भारत** जनसांख्यिकी और आईटी क्षेत्र में भी अग्रणी है। भारतीय प्रवासी अब सिलिकॉन वैली के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करते हैं और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं, जो उदार-वैश्विक विचारों के साथ जातीय रूप से भारतीय हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रमुख रूढ़िवादी राजनेता, भारतीय मूल के एक कट्टर ट्रम्प समर्थक, विवेक रामास्वामी...हैं। कोई भी क्षेत्र हो भारतीय आगे बढ़ रहे हैं। दुगिन साथ ही यह भी घोषणा करते हैं कि भारत वर्तमान में आईटी में वैश्विक नेताओं में से एक है और वित्तीय क्षेत्र एक नया वैचारिक वैश्विक आयाम प्राप्त करेगा।

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे 'अलेक्जेंडर दुगिन' भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं। वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में 'अलेक्जेंडर दुगिन' बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है। यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री 'दुगिन' का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' एक लम्बा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं, ह्मम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं । हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है। वैसे 'दुगिन' की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथम मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रिका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। युरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता। भारत के पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, अफगानिस्तान किसी न किसी संकट से जूझते दिखते हैं, जिसमें कि सबसे बड़ा संकट आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे में निश्चित ही यह बहुत बड़ी बात है कि भारत तमाम असहमतियों के बीच सहमति बनाने में कामयाब होता दिखता है। अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, कई लोगों को आश्चर्य होगा कि भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2023 में देश की जीडीपी 8.4 प्रतिशत बढ़ी। 2027 तक इसके वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भारत 2030 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और यहां तक कि चीन को भी पीछे छोड़ सकता है।

## राशिफल

**मेष** घर में कोई धार्मिक अथवा मनोरंजन संबंधी कार्यों की प्लानिंग होगी तथा घर में सकारात्मक व्यवस्था बनी रहेगी।

**तुला** समय और भाग्य आपके लिए बेहतरीन परिस्थितियां बना रहे हैं। मेहनत की उचित परिणाम हासिल करने के लिए कर्म प्रधान तो होना ही पड़ेगा।

**वृष** आपकी सूझबूझ और कोशिशों से समस्या सुलझ जाएगी। तनावमुक्त महसूस करेंगे। करीबी रिश्तेदार और दोस्तों के साथ भी सुखद समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक** रुका हुआ महत्वपूर्ण काम पूरा होने की संभावना है। थोड़ा समय आध्यात्मिक या धार्मिक कामों में बीताएं। राजनैतिक संपर्क भी बढ़ेंगे।

**मिथुन** किसी भी योजना को उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार करके ही उन्हें क्रियान्वित करें। इससे आपको अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

**धनु** परिवार अथवा व्यवसाय संबंधी विशेष कार्य को लेकर आपको कोई ठोस और महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं, इसलिए सकारात्मक बने रहे।

**कर्क** वरिष्ठ लोगों के सहयोग और मार्गदर्शन द्वारा कई कार्य सुचारू रूप से संपन्न कर पाएंगे। राजनैतिक संबंध भी मजबूत होंगे तथा लाभदायक भी रहेंगे।

**मकर** निजी जीवन में सुख-सौख्य बढ़ेगा। अपने उसूलों व सिद्धांतों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता ना करना आपके मान-सम्मान में वृद्धि करेगा।

**सिंह** आपके लिए सम्मानजनक और धनदायक स्थितियां बनेंगी। इस लाभदायक ग्रह स्थिति का भरपूर लाभ ले।

**कुंभ** घर में सुधार संबंधी योजना बनाते समय वास्तु के नियमों का पालन अवश्य करें। रोचक तथा ज्ञानवर्धक साहित्य पढ़ने में भी कुछ समय व्यतीत होगा।

**कन्या** लाभ की स्थिति बनी हुई है। आपका कर्म और मेहनत आपको अपने कार्य में सफलता देगा। घर से संबंधित गतिविधियों में भी आपका ध्यान

**मीन** आज पूरा दिन सुकून भरा व्यतीत होगा। कोई सुखद समाचार मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। अगर घर में नवीनीकरण या सुधार संबंधी योजना बन रही है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### इनर व्हील क्लब कोडरमा ने 27 व 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन




**झुमरी तिलैया** : रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा । स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमानी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है यदि किसी लोगों को भी अपना रजिस्ट्रेशन करना हो तो मोबाइल नंबर 70046 8 2019 रंजीता सेठ एवं 9939 5 9573 5 आरती आर्य एवं 9973 5 1947 1 मुक्ता बरहपुरिया एवं 93345 26591 माला दारूका पर संपर्क कर सकते हैं।

### खूंटी लोकसभा सीट से सुबोध पूर्ति ने किया नामांकन

**खूंटी** : झारखंड उलगुलान संघ के समर्थन पर स्वतंत्र उम्मीदवार सुबोध पूर्ति ने गुरुवार को खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रदिखल करने के बाद सुबोध पूर्ति ने मुरहू प्रखंड के मुंडा कुंजला में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी सुबोध पूर्ति ने कहा कि आम चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा से आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं और जन आकांक्षा तथा मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम किया है। पूर्ति ने कहा कि इस आम चुनाव में झारखंड उलगुलान संघ की अगुवाई में आदिवासी हित के लिए एकजुट होकर दबाव बनाना होगा, वरना आनेवाले समय में हम आदिवासियों का अस्तित्व, अस्मिता पहचान, संस्कृति, परंपरा, व्यवस्था और जल, जंगल, जमीन के अधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय चुनाव कार्यालय के प्रभारी की जिम्मेवारी रतन मुंडा को सौंपी गई।

### देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा गये जेल

**पलामू** : चैनपुर थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा के साथ तीन युवकों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सेमरा के खरोह टोला के अख्तर अंसारी, मुमताज अंसारी एवं विजय कुमार के रूप में हुई है। गुरूवार को सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी रीष्मा रमेशन को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी। चैनपुर थाना के प्रभारी श्रीराम शर्मा ने गुरूवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सेमरा के खरोह टोला एक बाइक पर सवार तीन अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम के फिराक में हैं और घूम रहे हैं। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारी को एक टीम गठित कर उक्त जगह पर कार्रवाई की गयी, जहां एक बाइक पर सवार तीन लोगों को देखा गया। तीनों की जांच करने पर एक के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है।

# दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को 07 वर्ष कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिृतीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनायी सजा
- 5000 रुपये जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी
- मृतक महिला के पति को पूर्व में सुनायी जा चुकी है सजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर सरयू यादव , पिता - पिता ललन व सास सुनीता देवी पति सरयू यादव यादव सतगामा जिला- कोडरमा निवासी को 304 (बी)आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया। साथ ही 5000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2022 का है। इसे लेकर सतगावा थाना कांड संख्या 127/ 2022 एवं रळ- 94/2022 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगामा निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ हुई थी । कुछ दिन ठीक रही । इस दौरान उसे दो पुत्री हुई । उसके बाद दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर, मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे । इसे लेकर पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 24/ 10/ 22 को गांव वालों ने फोन किया कि आपकी पुत्री की तबीयत खराब है। मोटरसाइकिल से तुरंत वहां पहुंचा। लेकिन वहां पर कोई नहीं थे। पता चला कि साक्षय मिटाने के उद्देश्य से उसकी पुत्री की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर लाश को जला दिया है। उन्होंने थाने को दिये आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।



### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मतदान पदाधिकारी द्वितीय को दिया गया प्रशिक्षण

# हर प्रक्रिया का बारीकी से अध्ययन करें : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया।

# सीपीआई के घोषणा पत्र ने युवाओं को रोजगार, पलामू को विशेष पैकेज व हर खेत में पानी : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, सीपीआई के पलामू लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया,सच्चिदानंद सिंह, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, सोहैल अख्तर ने कचहरी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया एवं घोषणा पत्र के माध्यम से पलामू लोकसभा के क्षेत्र में सभी खेतों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था करना, पलामू जिला में नए उद्योग लगाकर नौजवानों के लिए रोजगार सृजित करना, बच्चों के पढ़ाई के लिए स्कूल एवं अस्पतालों पर्याप्त दवाई की व्यवस्था करवाना, एवं समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे गरीब मेहनतकश मजदूर वर्ग आदिम जनजातियों शोषित वंचितों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराकर पलामू के लिए विशेष पैकेज की मांग करना, एवं सभी प्रखंडों में व्याप्त घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाना भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। वही निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले में व्याप्त जल संकट को दूर कर सभी तालाबों नदियों का अतिक्रमण मुक्त कर जल स्त्रोतों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। पलामू जिला के नौजवानों पर विशेष रूप से ख्याल किया जाएगा एवं बंद पड़े खदानों को चालू कर कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाएगा ताकि पलायन पर रोक लग सके। एवं माता शबरी को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए संसद में कानून लाने का प्रयास करूंगा तथा 24 फरवरी शबरी माता के जयंती एवं 1मई को विश्व मजदूर दिवस , परशुराम जयंती, एवं वीर कुंवर सिंह जयंती को राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करवाने का प्रयास करूंगा।



# नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति कल तक, 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन को लेकर समाप्ति तक निर्दलीय के साथ कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है। तारीख 25/4/2024 को बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम,स्वतंत्र रूप से गणेश रवि,राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी द्वारा नामांकन किया गया है।इस तरह नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति तक कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है जिसमें से एक उम्मीदवार गणेश रवि ने निर्दलीय के रूप में नामांकन किया है।

# आपकी सम्पत्ति और गाढ़ी कमाई सर्वे के नाम पर जब्त करने के चक्कर में है कांग्रेस : पंकज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर कांग्रेस पर हमला बोला।कहा कि कांग्रेस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई समेत घर जमीन जायदाद जब्त करने की कोशिश में है। सभी संसाधनों को हड़पने के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है। कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है की आम जनता की संपत्ति घर सोना एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है।श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कई बड़े नेता वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करवाने की बात कर रहे हैंए तो कांग्रेस के एक बड़े नेता ने देशभर में ऐसे सर्वेक्षण करवा कर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है।आगे कहा कि अब तक के इतिहास में जब भी कांग्रेस देश की सत्ता पर बैठी है उसने अपने वोट बैंक की राजनीति को सुरक्षित करने के लिए देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने के बजाय वर्ग विशेष की परिभाषित करते हुए न केवल उन्हें अधिकांश लाभ पहुंचाने का काम किया बल्कि बाकी सभी देश के नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। कांग्रेस की सरकारों ने पूर्व में भी कानून पास कर भारतीयों को इस बात के लिए विवश किया था कि वह अपनी कमाई का एक हिस्सा सरकार के पास जमा कर दें और इस कानून के अनुसार सरकार को यह भी अधिकार था कि किसका पैसा कितने दिन रखा जाएगा और किसको कब वापस दिया जाएगा। इस कानून को कंपलसरी डिपॉजिट स्कीम एक्ट का नाम दिया गया था। श्री सिंह ने आगे कहा कि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला विकसित भारत को दृढ़ संकल्पित विकल्प है जो पहले आपको समृद्धशाली बना कर आपकी आय बढाकर आपको आत्मनिर्भर बनाकर देश को समृद्ध आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की राह पर पिछले दस वर्षों से लगातार अथक मेहनत कर रहा है। मौके पर भजपा जिला उपाध्यक्षएराकेश दुबे, महामन्त्री बंसी यादव, मुकेश पाण्डेय, प्रमोद कुमार एआनंद सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।




# कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के संयुक्त नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में कोडरमा प्रखंड के गझंडी पंचायत के बूढ़ी टांड़ जुमकागढ गोरियाटो मैं चलाया जनसंपर्क अभियान तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोडरमा लोकसभा विकास में कॉस दूर है इस बार विनोद कुमार सिंह को एक-एक वोट देकर विजय बनाने की आवश्यकता है ताकि कोडरमा लोकसभा का भविष्य मायका ढिबरा पलायन बेरोजगारी इत्यादि को देखते हुए एक एक वोट विनोद सिंह को देने की अपील की गई लोगों ने जनसंपर्क अभियान में बताया कि आज तक हम लोगों को सरकार की योजनाएं से काफी दूर रखी गई है इस परिस्थिति में हम सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करूंगा इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित थे जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार युवा मोर्चा जिला सचिव छोटू यादव रंजीत कुमार मोहम्मद नसीम कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लखन पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।



# भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी व मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11:00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है । जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे । कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को आदरणीय अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए।कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता, राजकुमार यादव, सुधीर यादव,जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, रामचन्द्र राम, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

# डाक्टर की अनुपस्थिति स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली की खोल रहा पोल

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक एएनएम के भरोसे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला मुख्यालय में पांकी प्रखंड कोनवाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे आने वाले मरीजों को इलाज राम भरोसे हो रहा है। यहां पर डॉक्टर भी पदस्थापित है फिर भी डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण वे झोलाछाप चिकित्सकों के हाथों अपना इलाज करवाने पर ग्रामीण लोग मजबूर हैं।एक एएनएम प्रियंका कुमारी को छोड़कर डाक्टर समेत अन्य कर्मी नदारद दिखे।पदस्थापित एएनएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोनवाई में इस समय डॉक्टर सनी सोरेन पदस्थापित है जो सिर्फ एक दिन झंडा फहराने आए थे, उसके बाद अन्य कर्मियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।इसकी जानकारी तब हुई जब पंचायत के जनप्रतिनीधी समेत अन्य ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोनवाई पहुंचे जहां मौके पर एक एएनएम मौजूद दिखें। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक समेत अन्य तीन स्वास्थ्य कर्मी पदस्थापित है। लेकिन अन्य कर्मियों की अनुपस्थिति स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली की पोल खोल रहा है।लाखों की आबादी वाले पांकी प्रखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन प्रखंड के विभिन्न पंचायत में कुल 16 स्वास्थ्य केंद्र हैं जिसमें आयुष, डेंटिस्ट समेत एमबीबीएस के कुल 10 डॉक्टर उपस्थित हैं। बावजूद कुछ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण स्वास्थ्य केंद्र की हालत खस्ता हो गई है।बावजूद व्यवस्था में सुधार न होना बेहद चिंता की बात है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही वे इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।इस संबंध में पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि कुछ महीने पूर्व पांकी के कोनवाई, लोहरसी, एवं बोरोदीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है। कोनवाई में डॉक्टर सनी सोरेन, लोहारसी में डॉक्टर रियाज अनवर, एवं बोरोदीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर शिव शंकर मुर्मू पदस्थापित है।कई महीने से डॉक्टर सनी सोरेन की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व ही सभी चिकित्सकों को पत्र के माध्यम से नियमानुसार सेवा देने का निर्देश दिया गया था। बावजूद निर्देश की अनदेखी करना लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मागा जाएगा।




### शहर से लेकर ग्रामीण महिलाएं सोशल मीडिया पर वोटरों को जागरूक करने की पहल में आगे

# जिला प्रशासन ने वोट का प्रतिशत 80 से अधिक ले जाने का लक्ष्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पलामू में रील्स के जरिए से वोटरों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाएं सोशल मीडिया पर रील्स अपलोड कर रही हैं और लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।बदलते वक्त के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म समाज में कई तरह के बदलाव ला रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर कई तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस माध्यम से घर बैठे लोग कई जागरूकता अभियान से जुड़ रहे हैं और समाज में बदलाव ला रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हो रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में पलामू जिला प्रशासन ने वोट का प्रतिशत 80 से अधिक ले जाने का लक्ष्य रखा है। स्वीप के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसी कड़ी में सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की योजना तैयार की गई है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं रील्स बनाने में आगे है। पलामू में सखी दीदियों ने अब तक 1000 से भी अधिक रील्स तैयार किए हैं ।सखी दीदी संगीता ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सब की भागीदारी है, आधी आबादी उनकी है, सभी को जागरूक किया जा रहा है। आज के वक्त में अधिकतर लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट है,अनिता देवी ने बताया कि वे रील्स तैयार कर रही है, लोग रील्स को देखें और जागरूक हो।पलामू के इलाके में 16 हजार स्वयं सहायता समूह हैं. इन स्वयं सहायता समूह से करीब ढाई लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। महिलाओं का अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी है।2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सखी दीदी रील्स बना रही हैं और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सखी दीदियां छोटे-छोटे वीडियो बना रही हैं। इन वीडियो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है।अच्छे संदेश वाले वीडियो को पलामू डीसी के सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर भी किया जा रहा है। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के डीपीएम शांति मार्डी बताती हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है,इसी कड़ी में सखी दीदियां रील्स तैयार कर रही हैं और सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रील्स के माध्यम से संदेश दिए जा रहे हैं।सखी दीदी रील्स को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।कई सखी दीदियों के व्यूज हजारों में हैं।स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सखी दीदियां छोटे-छोटे वीडियो बना रही हैं।इन वीडियो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है।अच्छे संदेश वाले वीडियो को पलामू डीसी के सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर भी किया जा रहा है। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के डीपीएम शांति मार्डी बताती हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में सखी दीदियां रील्स तैयार कर रही हैं और सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रील्स के माध्यम से संदेश दिए जा रहे हैं।सखी दीदी रील्स को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।कई सखी दीदियों के व्यूज हजारों में हैं।



## एक झलक

### सीट से झामुमो ने समीर मोहंती पर खेला दांव

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर संसदीय सीट से झामुमो ने समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है। समीर मोहंती फिलहाल बहरागोड़ा से झामुमो के विधायक हैं। इस तरह अब इंडिया गठबंधन ने झारखंड के सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। इन सीट पर पहले से कई नामों की चर्चा हो रही थी। जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम भी आगे चल रहा था। लेकिन गुरुवार को समीर मोहंती के नाम पर पार्टी ने मुहर लगा दी है। 30 अप्रैल को परचा दाखिल करेंगे विद्युत वरण महतो जमशेदपुर के लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो 30 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के पहले सुबह 11 बजे से साकची बोधी मंदिर में भाजपा की आमसभा होगी, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई दिग्गज शामिल होंगे।

### अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार

**चांडिल** : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरूलडीह थाना की पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति अपने राशन की दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बीयर बेचता था। पुलिस ने उसके दुकान से 42 बोतल बीयर भी बरामद किया है। इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी ने बताया किआरोपी के खिलाफ उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। राशन की दुकान से वह अनाधिकृत रूप से अंग्रेजी शराब बेचने का काम कर रहा था। सूचना मिलने के बाद छापामारी के दौरान बीयर बरामद होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार तिरुलडीह थाना क्षेत्र के मानकीडीह के रहने वाले शिवराम गोप अपने राशन की दुकान से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने का काम करते थे। इस संबंध में गुप्त सूचना मिलने के बाद तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद्र महतो ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ राशन दुकान में छापामारी किया। छापामारी के दौरान पुलिस के जवानों ने राशन की दुकान से दो अलग-अलग ब्रांड के 42 बोतल बीयर बरामद किया। इसके बाद दुकानदार शिवराम गोप को विधिवत गिरफ्तार कर थाना ले गई। आवश्यक जानकारी लेने के बाद पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### आग लगाने वाले को पांच साल की सजा

दुमका : सामान उधार नहीं देने पर दुकान में आग लगाने के एक आरोपित को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने मामले के आरोपित दुधानी के राजेश राउत को गुरुवार को दोषी करार दिया। इस केस में नौ लोगों की गवाही के बाद उसे सजा सुनाई गई। रसिकपुर निवासी राजेश पंडित के भाई प्रकाश पंडित की किराना और जीराक्स की दुकान है। पिछले साल सात जून को राजेश राउत उधार में सामान लेने के लिए आया था। मना करने पर प्रकाश के साथ मारपीट कर पैसा छीन लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना नगर थाना की पुलिस को दी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारा उद्देश्य : डीसी

- पहले चलो करें मतदान, वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है, का संदेश नाटक के माध्यम से दे रहे हैं
- शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन गांव की गलियों में नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को करवा रहा जागरूक
- लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित कर रहे है



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**आदित्यपुर** : सरायकेला जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है वहीं अब गांव के गलियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करवा रही है। जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाना हमारा उद्देश्य है जिसको लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकत किया जा रहा है। आज से कार्यक्रम पथ कम्युनिकेशन की ओर से कुकडु प्रखंड के चौरा पंचायत, ईचाडीह पंचायत, सरायकेला प्रखंड के मुंडाताड पंचायत और मोहितपुर पंचायत में अभियान चलाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक कलाकार अपनी कला के माध्यम से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। कलाकारों द्वारा बहकावे में तुम कभी आना, सोच समझकर बटन दबाना, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है, का संदेश नाटक के माध्यम से दे रहे हैं। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है और मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर बैनर प्रदर्शित किया जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

### सीओ व बीडीओ ने मतदान के लिए किया प्रोत्साहित

**डुमरिया** : डुमरिया प्रखंड की बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू और सीओ चंचला कुमारी ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय कुंडालुका में अभिभावकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के समुचित देखभाल करने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। बीडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि शत प्रतिशत मतदान से ही अपने पसंद की सरकार बना सकते हैं। लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मिर्जा सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, मुखिया सरस्वती बास्के, अभिभावक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने उतरा आजसू पार्टी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल** : रांची संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ की जीत सुनिश्चित करने के लिए आजसू पार्टी ने भी कमर कस लिया है। आजसू पार्टी के नेता व कार्यकर्ता चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के रूगड़ी बाजार प्रांगण में आजसू पार्टी की बैठक हुई। पार्टी के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्राम प्रभारी के साथ चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनाई गई। लोकसभा चुनाव में सबसे आगे रहने के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए सभी ग्राम प्रभारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया। सभी से सौंपे गए दायित्व का निर्वाहन जिम्मेदारी पूर्वक करने और अपने5अपने बूथ पर गठबंधन प्रत्याशी को आगे रखने की अपील की गई। गठबंधन धर्म निभाएंगे कार्यकर्ता मौके पर आजसू पार्टी के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करेंगे। सभी नेता व कार्यकर्ता गठबंधन के साझा प्रत्याशी संजय सेठ को विजयी बनाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित चांडिल प्रखंड प्रभारी गौरी प्रसाद लायेक ने कहा कि बेशक चुनाव नेता लड़ते हैं, लेकिन सजग और कर्मठ कार्यकर्ता ही उन्हें विजयी बनाते हैं। चुनाव में कार्यकताओं का ही रौल रहता है। इसलिए हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर सभी अपने-अपने बूथों में लग जाएं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनक कर अपनी अलग छाप छोड़े। बैठक में ईचागढ़ प्रखंड सचिव तुलसी महतो, सेवानिवृत शिक्षक रासविहारी लायेक, गुरुचरण महतो, विजय गोराई, भगीरथ मछुवा, कमलेश सिंह मुंडा, मनसा दास, राजू दास, खगेन गोप, मंगली तंतुबाई, मेनका देवी उपस्थित थे।

## नाली की समस्या का समाधान को लेकर पीएमओ को लिखा पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल** : समाजसेवी संदीप मंडल ने चांडिल बाजार में बजबजाती गंदी नाली और सड़क पर बहते नाली का गंदा पानी की समस्या के समाधान को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा है। संदीप मंडल ने बताया कि चांडिल बाजार ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का हृदयस्थली माना जाता है। अनुमंडल कार्यालय, अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, विभिन्न बैंकों के शाखा, डाक घर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग का कार्यालय, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, रेलवे स्टेशन, थाना, प्लस टू उच्च विद्यालय आदि सरकारी संस्थान के अलावा अन्य निजी संस्थान चांडिल में ही मौजूद है। यहां तक पहुंचने के लिए अधिकांश लोगों को एनएच 32 होकर गुजरना पड़ता है। उक्त सड़क पर गुजरते लोगों को नाली के गंदा पानी होकर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चांडिल बाजार में नाली बजबजा रहा है। नाली जाम रहने के कारण नाली का गंदा व दूषित पानी सड़क पर बहती है। इससे लोगों को आवागमन के दौरान परेशानी होती है। औद्योगिक नगरों का जोड़ने वाली मुख्य सड़क एनएच 32 लौहनगरी जमशेदपुर को पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर, आसनसोल, झारखंड के बोकारो, धनबाद समेत कई औद्योगिक व प्रसिद्ध शहरों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। वहीं दूसरी ओर सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह व कुकडू प्रखंड के अधिकांश लोग इसी सड़क पर होकर जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालय जाते हैं।

## जिंदा व्यक्ति को बताया गया मृत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर से सटे तामोलिया के जीवित व्यक्ति को कागजों में मृत बताने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित फुचु हेंब्रम खुद को जिंदा साबित करने के लिए एमजीएम अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। यह गड़बड़झाला फुचु के जीजा हलधर माझी की मौत के बाद हुआ है। फुचु ने बताया कि वह सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र के तामोलिया का रहने वाला है। उसने अपने जीजा हलधर माझी को 30 मार्च को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसके जीजा की 1 अप्रैल को मौत हो गई थी। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के दौरान मिली जानकारी फुचु ने बताया कि वह अपने जीजा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एमजीएम अस्पताल गया था। वहां उसे जानकारी मिली कि कागजात में उसे ही मृत बता दिया गया है। इसके बाद वह नाम सुधारने के लिए कई बार अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। अंत में उसने भाजपा नेता विमल बैठा से संपर्क किया जिसके बाद अब एमजीएम प्रबंधन द्वारा एफिडेविट मांगा जा रहा है। एमजीएम अधीक्षक को दिया आवेदन इधर, फुचु ने एमजीएम अस्पताल अधीक्षक के नाम एक आवेदन दिया है जिसमे उसने बताया है कि उसका नाम फुचु हेंब्रम है और वह जिंदा है।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जारी रहेगा आंदोलन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल** : एसयूसीआई पार्टी के झारखंड राज्य सचिव सह पोलित ब्यूरो मेंबर कामरेड रोबिन समाजपति ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमारी पार्टी आंदोलन करते आ रही है। महंगाई, बेरोजगारी, मजदूरों की दुर्दशा, महिलाओं पर बढ़ते अपराध, शिक्षा के निजीकरण व व्यापरीकरण के कारण आम जनता त्रस्त हैं। पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर सभी को संकल्प लेने की जरूरत है कि कॉमरेड शिवदास घोष की चिंतन धारा को गांव-गांव में फैला देंगे ताकि आने वाला दिन पूंजीवाद विरोधी और समाजवादी क्रांति देश में स्थापित हो सके। इसी मकसद को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) देश के 23 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 151 सीट पर चुनाव लड़ रही है। कामरेड रोबिन समाजपति एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के 76वां स्थापना दिवस पर आयोजित ऑनलाइन परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। पिछड़ता जा रहा देश मौके पर पार्टी के चांडिल अनुमंडल इंचार्ज अनंत महतो ने कहा कि किसी भी देश के आम जनता, मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, महिलाएं सभी मिलकर जीवन निर्वाह की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते रहते हैं। लेकिन उन्हें पूर्ण सफलता तबतक नहीं मिलती है जबतक उनका संघर्ष क्रांतिकारी विचार, क्रांतिकारी नेतृत्व और क्रांतिकारी संगठन के साथ मिलकर आगे नहीं बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में करीब सौ साल आजादी के लिए आंदोलन चला। इसका लक्ष्य था ब्रिटिश साम्राज्यवाद को हटाकर जन समस्याओं के समाधान करना। लेकिन आजादी के बाद राजनीतिक दलों के क्रियाकलापों के कारण देश पिछड़ता चला गया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एसयूसीआई को आंदोलन जारी रहेगा। ऑनलाइन परिचर्चा में 50 से भी अधिक सदस्य शामिल हुए।

### प्लस टू हाई स्कूल में मैट्रिक रिजल्ट की समीक्षा

**डुमरिया।** अष्टकोशी प्लस टू हाईस्कूल भालुकपतड़ा में गुरुवार को मेट्रिक रिजल्ट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय पंडा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अभिभावकों ने कहा कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष मेट्रिक का रिजल्ट खराब हुआ है। इसकी मुख्य वजह तीन शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति को बताया गया। अभिभावकों ने कहा कि तीनों शिक्षक मौजूद रहते तो इस वर्ष भी रिजल्ट बेहतर होता। साथ ही बैठक में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को स्कूल में वापस लाने की मांग की गई। मौके पर प्रधानाध्यापक अभय कुमार, अभिभावक पुलक कुमार साव, कविराज सुंडी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने किया कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : देवघर पुलिस ने गुरुवार को कुख्यात बदमाश ढिल्लन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बिहार-झारखंड के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाश ढिल्लन सिंह उर्फ वृजनंदन सिंह उर्फ वृजनंदन शर्मा देवघर टाउन थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी का रहने वाला है। मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिला के पिपरिया थाना क्षेत्र स्थित वलीपुर का निवासी है। बदमाश ढिल्लन को देवघर पुलिस ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत छह महीने के लिए जिला बदर किया था। इसके बाद आरोपित फरवरी के अंतिम सप्ताह में देवघर शहर के बंपास टाउन इलाके में स्थित एक विवाह भवन में आयोजित शादी समारोह में पहुंचा था। पुलिस गुप्त सूचना पर छापेमारी के लिए पहुंची थी। हालांकि आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले को लेकर अपराध नियंत्रण अधिनियम-2002 की धारा-3 (1) का उल्लंघन करने के आरोप में देवघर नगर थाना प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित देवघर में ही छुपकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के अलावा ढिल्लन सिंह पर कई अन्य संगीन मामले भी दर्ज हैं।


## डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी ने किया गुवा खदान का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नोवामुंडी** : चाईबासा से आए डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी श्री एस सुधीर ने गुवा सेल खदान का निरीक्षण कर गुवा सेल के अधिकारियों एवं पिट सेफ्टी कमेटी के साथ गुवा सेल के एचआरडी सेंटर में की बैठक। बैठक के दौरान चाईबासा से आए डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी एस सुधीर ने कहा कि पहली बार गुवा सेल खदान का निरीक्षण करने का मौका मिला है। इस दौरान पिछले बैठक में किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही नए मुद्दों स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण पर भी चर्चा की गई। कुछ बिंदुओं पर सुधार करने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण पर भी ध्यान देने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में गुवा सेल खदान के पिट सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष मिलन नंदी के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान इस मौके पर गुवा सेल के मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर, महाप्रबंधक माइंस एसपी दास, महाप्रबंधक सीबी कुमार, महाप्रबंधक एसएमडी इकबाल, महाप्रबंधक प्लांट के आरके सिन्हा, डीजीएम माइनिंग के उप महाप्रबंधक चौधरी निरंजन कुमार सहित सेल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## जेईई मेन-2024 में नारायणा के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : साकची स्थित इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी / नीट एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जेई। ई मेन-2024 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि में रिजल्ट जांचे जाने तक 153 छात्र सफल हुए हैं। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच चल रही है। श्याम भूषण ने बताया कि जेईई मेन-2024 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से टॉप 10 में 6 छात्र एवं टॉप 12 में 7 छात्रों ने रैंकों पर अपना कब्जा जमाया है। इन छात्रों में - गजारे निलकृष्णा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-1), एच। विदित (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5), मुथावरपु अनुप (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-6), एम। साई तेजा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-7), चिन्टु सतीश कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-8), आर्यन प्रकाश (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-10), रोहन साई पब्बा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-12) शामिल हैं। वहीं नारायणा जमशेदपुर सेंटर से जेईई (मेन) 2024 में जेनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 50 हजार के अन्दर रैंक पाने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है। इनमें अनुज कुमार रंजन (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-4438), सचिन कुमार गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5812 और ओ.बी.सी. -1215), आदर्श राय (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14414), प्रियांशु शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14768), अक्षत सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-19633), रितिकेश कुंवर (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-21507), किसलय करण सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-26872), आदित्या कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28545 और ओ.बी.सी. -7696), अर्श गदी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28753), मिस्टी शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-30387), दिलराज सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-31657), अक्षत कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-34349), मो। फैजान आरिफ (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-34565), शुभम कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-35259), करण कुमार प्रसाद (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-35586), क्षितिज नयन (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-36419 और ओ।बी।सी। 10164), इपशिता मंडल (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-40191), नाव्या कोठारी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-40268), अनिजित महाता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-41779), अनुश्री खेमानी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-42917), शाह इरम हासमी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-43787), अभिनव आनंद (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-45929), प्रेरणा बोथरा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-46462) व अन्य शामिल हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-24-25-02, दिनांक 24.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में मुरी टीएसएस - 2 अदद, बकासपुर टीएसएस - 01 अदद एवं टाटीसिलवे टीएसएस - 1 अदद में 132 केवी/25 केवी, 21.6 एमवीए सिंगल फेज ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर की पीरिओडिकल ओवरहालिंग (पीओएच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 44,73,536.70। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 89,500/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। (PR-77)

**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
**E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com**

**आम सूचना**

**अत्यधिक गर्म मौसम (लू) के दौरान सीधी गर्मी के संपर्क से जानवरों की देखभाल करने हेतु पशुपालकों से अपील:–**

1. पर्याप्त आश्रय प्रदान करना:– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
2. पानी के कटोरे और बर्तन रखना:– जलसंचय गर्मी के तनाव से निपटने की कुंजी है। पानी की उपलब्धता बनाये रखने के लिए नियमित रूप से साफ, ताजा पानी भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े, खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
3. गर्मी के तनाव के लक्षणों की निगरानी करें:– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और मूर्छित आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दे तो ओ0आर0एस0 घोल का उपयोग करें एवं तुरंत स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
4. जागरूकता :– अपने आस–पास के क्षेत्रों में जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने एवं सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाएँ। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन दें।

पशुओं को ढोने और पैक करने के प्रति क्रूरता की रोकथाम के नियम 1965 के नियम 06 के उप नियम 03 में कहा गया है कि जहाँ तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहां दोपहर 12 बजे से 3:00 बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे। सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकट से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें। ताकि चरम मौसम की स्थिति के कारण जानवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हों।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 324083 Lohardaga(24-25).D

## एक झलक

### तीन कारतूस के साथ सद्दाम गिरफ्तार

**अररिया :** जिले की भरगामा थाना पुलिस ने एक देशी कट्टा और तीन कारतूस के साथ सद्दाम नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है।भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना क्षेत्र के अकरथापा के रहने वाले हसीब के पुत्र सद्दाम को वीरनगर विशहरिया से हथियार के साथ रंगेहाथ बुधवार को गिरफ्तार किया। भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर वाहन चेकिंग के साथ संदिग्धों की जांच की जा रही है।इसी क्रम में सद्दाम को हथियार एक साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार सद्दाम के खिलाफ भरगामा थाना में चार संगीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज है।थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने गुरुवार को बताया कि अवैध हथियार बरामदगी के मामले में सद्दाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

### एनसीसी ने निकली मतदाता जागरूकता रैली

**भागलपुर :** लोक सभा आम चुनाव अंतर्गत भागलपुर में होने वाले 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनसीसी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के परिसर से एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे जिलाधिकारी डॉक्टर नवलकिशोर चौधरी ने झंडा दिखाकर रवाना किया । उक्त रैली में जिला प्रशासन द्वारा बैंड बाजा की भी व्यवस्था की गई थी। जिससे पूरा वातावरण हर्षोल्लास से भरा प्रतीत हुआ। यह जागरूकता रैली घंटाघर से होते हुए खलीफाबाग चौक और कोतवाली चौक से गुजरते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से निकाली गई। इस दौरान प्रशासन ने कैडेटों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था भी कर रखी थी।

### 16 कारतूस के साथ रविभूषण गिरफ्तार

**अररिया :** अररिया एसपी अमित रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में डीआईयू और भरगामा थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को रविभूषण कुमार को एक पिस्टल और 16 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रविभूषण कुमार भरगामा थाना क्षेत्र के मोझा वार्ड संख्या दो के रहने वाले देवेंद्र यादव के पुत्र हैं। अररिया एसपी अमित रंजन को यह गुप्त सूचना मिली थी कि भरगामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध हथियार के साथ एक आदमी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के मूड में है,जिसके बाद एसपी ने फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और भरगामा थाना पुलिस के साथ डीआईयू की टीम बनाकर छापेमारी करवाई तो रविभूषण कुमार पकड़ा गया।तलाशी के बाद उसके पास से एक पिस्टल, 16 कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया।मामले को लेकर भरगामा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

### सात साल के बच्ची के साथ बलात्कार

**डेहरी-ऑन-सोन :** रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम एक सात साल के नाबालिक लडकी के साथ बलात्कार होने का मामला प्रकाश मे आया है। मामले की एफआईआर पीडिता की मां ने बुधवार की देर शाम थाना मे करायी। एफआईआर होने के बाद पुलिस ने आरोपी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष कमालुद्दीन के अनुसार लडकी मंगलवार को अपने घर मे खेल रही थी। खेलते-खेलते अनुज कुमार के घर मे चली गयी। उसके घर मे कोई नही था। अकेली लडकी देख अनुज ने मुंह काला कर लिया। लड़की रोते-रोते घर आयी। लडकी की मां ने उसके सारे कपड़े धोए। बुधवार को थाना पहुंची। थानाध्यक्ष कलामुद्दीन ने बताया कि न्यायालय के आदेश आने पर लडकी का मेडीकल कराया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत

**पटना :** राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल



होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है।

## कृषि परियोजना के तहत किया गया क्रॉप कटिंग

**पूर्वी चंपारण :** जिले में परसौनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सौजन्य से गुरुवार को संग्रामपुर प्रखंड के नरुल्लाहा गांव में जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना के तहत गेहूं फसल के उत्पादन के आंकड़ों की आंकलन के लिए क्रॉप कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान डॉ. आशीष राय, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियंत्रण डॉ. अंशु गंगवार विज्ञान एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक संग्रामपुर ने कृषि संबंधित जानकारी देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मृदा विशेषज्ञ डॉ. राय ने बताया कि जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना जो कि बिहार सरकार की कृषि के लिए महत्वपूर्ण परियोजना हैं। उसे कृषि विज्ञान एवं कृषि से जुड़े संस्थाओं के द्वारा चलाया जा रहा है।




परियोजना के तहत एवं कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी के द्वारा रबी की फसल के लिए गेहूं की प्रभेद एचडी 2967 को शून्य जुताई के द्वारा किसानों के खेतों में बुवाई किया गया। इसके परीक्षण के लिए फसल पकने के बाद आंकड़ों के आंकलन के लिए यह क्रॉप कटिंग प्रोग्राम आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. गंगवार ने शून्य जुताई तकनीक से होने वाले लाभों के बारे में किसान को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस विधि से फसल उत्पादन करने पर किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त होता है और बदलती जलवायु के परिदृश्य में यह तकनीक बहुत लाभकारी है।जिसे अपनाकर किसान कम खर्च में बेहतर मुनाफा के साथ मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ा सकते है।

## भीषण गर्मी के चलते पटना के स्कूलों का बदला समय

**पटना :** बिहार में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। इन दिनों पटना में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। बच्चों पर इस मौसम के पड़ते प्रभाव को देखते हुए डीएम ने एक बार फिर से स्कूल के समय में बदलाव किया है। पटना जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी ने पटना जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10.30 बजे तक संचालित करने का आदेश दिया है। इससे पूर्व शैक्षणिक गतिविधियां को 11:30 बजे तक रखा गया था। जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पटना जिले में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसे में पटना जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक एवं 11 व 12 की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया है।

## स्वयं सहायता समूह ने मनाया लोकतंत्र का उत्सव

**कटिहार :** स्वीप कोषांग के तत्वाधान में जीविका समूह की दीदियों द्वारा जिले के सभी गांव में प्रभात फेरी, रंगोली बनाकर, मेंहदी, संगोष्ठी, शपथ ग्रहण, कैंडिल मार्च एवं रैली निकालकर मतदाता को जागरूक करने का भरपूर प्रयास किया गया। जीविका दीदियों द्वारा रंगोली, संगोष्ठी ,शपथ ग्रहण, मेहंदी प्रतियोगिता, कैंडील मार्च आदि का आयोजन कर आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दीदियों द्वारा चलाए जा रहे हैं इस अभियान की खास बात यह है कि कम मतदान प्रतिशत वाले उन सभी क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर आमजन को मतदान में भाग लेकर देश के भाग निर्माण के लिए प्रेरित कर रही है। कटिहार जिले के अमदाबाद, बलरामपुर, कटिहार सदर, कदवा एवं बरारी प्रखंड में



कम मतदान प्रतिशत वाले उन सभी क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर आम जनों को मतदान में सभी परिवार सहित भाग लेने के लिए अपील की जा रही है। जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत की जा रही गतिविधियां में क्रमशः स्वयं सहायता समूह के बैठक में चर्चा एवं शपथ ग्रहण, ग्राम संगठन एवं संकुल संघ के बैठक में चर्चा एवं शपथ ग्रहण, दीदियों द्वारा घर-घर भ्रमण, तथा दीदियों के द्वारा जागरूकता रैली एवं प्रभातफेरी रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता मुख्य रूप से शामिल है। इस कार्य को संपन्न बनाने के लिए जिले से लेकर प्रखंड स्तर के सभी कर्मी गांव-गांव भ्रमण कर समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संघों के बैठक में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा मतदान की आवश्यकता पर विशेष चर्चा करवाकर दीदियों के समझ बनाने का प्रयास किया गया।

## सड़क दुर्घटना में उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव की मौत

**डेहरी आन सोन :** बिहार में रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के रामनगर पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को पटना से कार अपने गांव लेरूआ सासाराम शादी समारोह में शामिल होने आ रहे उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव शैलेंद्र नाथ (52 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। चालक गंभीर रूप से जख्मी हैं। पुलिस के मुताबिक वे स्विफ्ट डिजायर कार से पटना से अपने गांव लेरुआ जा रहे थे। इसी बीच कार का अगला चक्का फट गया और कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही उन्हें और चालक को लोग नोखा पीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी उनकी



स्थिति गंभीर होती गई जिसके बाद चिकित्सक वाराणसी बीएचयू के ट्रामा सेन्टर में रेफर कर दिए। इलाज के क्रम में में उनकी वाराणसी में ही मौत हो गई। चालक राज कुमार यादव का इलाज अभी ट्रामा सेन्टर बीएचयू वाराणसी में चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। राजकुमार बेऊर पटना निवासी बृजनंदन यादव के पुत्र हैं स्वजनों ने बताया कि उनका पोस्टमार्टम वाराणसी में ही कराया जा रहा है। रात तक उनके

## नवादा में 80 लाख रुपये का गांजा बरामद


**नवादा :** नवादा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नवादा नगर थाने के कृषि फार्म के निकट पत्थर लदे एक ट्रक के तहखाना से 176 किलो गांजे का पैकेट छापेमारी में बरामद किया है, जिसका मूल्य 80 लाख रुपए बताये जा रहे हैं। गुरुवार को हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने इस धंधे में शामिल तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है । एक ट्रक के साथ एक कार तथा दो मोबाइल फोन के साथ 20,000 रुपये भी बरामद किए गए हैं। नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गया से नवादा की ओर आ रहे गिट्टी लदे ट्रक में भारी मात्रा में गांजे रखा हुआ हैं, जिस आधार पर नगर थाने के कृषि फार्म के निकट पुलिसकर्मियों ने ट्रक रोक कर जांच शुरू कर दिया। ट्रक चालक सुबोध पासवान को गिरफ्तार किया गया। सुबोध ने बताया कि ट्रक के बने



तहखाने में 176 पैकेट गांजे रखे हुए हैं ।पुलिस के दबाव देने पर उसने बताया कि नवादा जिले के अकबरपुर थाने के बेला गांव के शशि भूषण शर्मा के पुत्र राकेश कुमार तथा रोशन सिंह तथा गोविंदपुर थाने के बाघोर गांव के मिथिलेश सिंह के पुत्र रवि रंजन कुमार लंबे समय से गांजे तस्करी का काम कर रहा है ।पुलिस ने चालक के बयान पर इन तीनों तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया,जिसमें राकेश कुमार ने स्वीकार किया कि उड़ीसा के झांसीगोड़ा नामक जगह से वह गांजे लाकर बिहार सहित कई राज्यों में इसका तस्करी करता था।

## भारत में प्राइमबुक लैपटॉप का दूसरा सबसे बड़ा यूजर बेस पटना

**पटना :** प्रमुख मेड-इन-इंडिया एंड्रॉइड लैपटॉप, प्राइमबुक भारत में अपनी पहुँच का तेजी से विस्तार कर रहा है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में पटना ने खुद को प्राइमबुक लैपटॉप के लिए दूसरे सबसे बड़े यूजर बेस के रूप में स्थापित किया है। इस प्रकार, यह ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। यह प्राइमबुक की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो प्रत्येक छात्र की जरूरतों को पूरा करने वाले लैपटॉप्स की पेशकश करने पर आधारित है। अपने इनोवेटिव ऑपरेटिंग सिस्टम, विभिन्न एंड्रॉइड एप्लिकेशंस और अनुकूलता के साथ, प्राइमबुक छात्रों के लिए उनके शैक्षिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक आदर्श उपकरण है। प्राइमबुक




के लैपटॉप को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह छात्रों को प्रभावी ऑनलाइन लर्निंग की सुविधा प्रदान करे। हम प्राइमओएस में एआई को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, ताकि सीखने के व्यक्तिगत अनुभव प्रदान किए जा सकें। हमारा लैपटॉप छात्रों को डिजिटल साक्षरता विकसित करने में मदद करता है, जो कि आज के डिजिटल जगत में एक महत्वपूर्ण कौशल है। हमारे डिवाइस के साथ, छात्र अपनी शिक्षा को समृद्ध करने और एकेडमिक परफॉर्मेंस को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संसाधनों तक पहुँच सकते हैं। पटना में ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, चित्रांशु महंत, सीईओ, प्राइमबुक, ने कहा, वर्ष 2024 में पटना में लैपटॉप का दूसरा सबसे बड़ा यूजर बेस बनना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। हमने सभी प्राइमबुक लैपटॉप्स में से 10% की बिक्री हासिल कर ली है। प्राइमबुक का ऑपरेटिंग सिस्टम इनोवेटिव है और विभिन्न प्रकार की एंड्रॉइड एप्लिकेशंस के साथ सहजता से काम करता है, जो इसे पटना में छात्रों के लिए शिक्षा क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों से उबरने और अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक आदर्श उपकरण बनाता है।

## पवन सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर प्राथमिकी

**डेहरी-ऑन-सोन :** भोजपुरी अभिनेता व काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा किए पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबूज सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी संझौली के सीओ ने कराई है। जिसमें स्वीकृत वाहन की संख्या से अधिक का उपयोग करने की बात कही गई है। रोहतास जिले के संझौली प्रखंड के सीओ किशोर पासवान ने थाना में कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि पवन सिंह के रोड शो की अनुमति लेने वाले राजपुर निवासी अंबुज कुमार सिंह ने पांच वाहन की अनुमति मांगी थी। लेकिन रोड शो में अधिक वाहनों का उपयोग कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। सीओ की शिकायत पर अभिनेता पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबुज कुमार सिंह



के विरुद्ध भादवि की धारा 188, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 के तहत प्राथमिकी हुई है। बिक्रमगंज, काराकाट, राजपुर में राजपुर में भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी अंबुज सिंह व हूटर लगे स्कार्पियो वाहन के स्वामी तथा चालक पर भी आइपीसी, लोक प्रतिनित्व कानून व बिहार नियंत्रण और उपयोग, लाउडस्पीकर अधिनियम के तहत की गई है।

## वीणा ने मांगी माफी, कहा-नाराजगी दूर करना है मेरा काम

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** देश में चुनावी माहौल गर्म है। चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए उम्मीदवार खूब पसीना बहा रहे हैं। कार्यकताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी कड़ी मे बिहार के वैशाली संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार वीणा देवी भी अपने संसदीय क्षेत्र में खूब पसीना बहा रही है। हालांकि वैशाली संसदीय क्षेत्र के कुछ जगहों पर सांसद वीणा देवी का लोगों के बीच नाराजगी हैं । वैशाली विधानसभा के पटेढ़ी बेलसर के नगवां में आयोजित एडीए कार्यकर्ता बैठक में अपने वोटर की नाराजगी को भांपते हुए सांसद वीणा देवी माफी मांगते नजर आयी। खुले मंच से कहा कि हमें मालूम है कि मेरे कुछ अपने



हमसे नाराज है। अपने ही लोग अपनों से नाराज होते हैं अब हम कोशिश करेंगे की और मेरी यह जिम्मेदारी भी है कि आप सभी की नाराजगी को दूर करो उम्मीद है एक बार फिर सभी के घर-घर में राज करने वाली वैशाली की पतोहू को सम्मान मिलेगा। वैशाली लोकसभा के वैशाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कहीं इस बैठक में एनडीए समर्थित विभिन्न पार्टी के नेता शामिल हुए जिसमें वैशाली से जदयू विधायक सिद्धार्थ पटेल मुजफ्फरपुर के पंचायती राज से जदयू एमएलसी दिनेश सिंह, वैशाली के जदयू, भाजपा, लोजपा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के विभिन्न अध्यक्ष के साथ-साथ पंचायती राज के जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

## मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सारी तैयारी पूरी


**भागलपुर :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण को लेकर 26 अप्रैल को भागलपुर जिला में भी मतदान होना हैं। जिसके लिए भागलपुर में तीन डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। जिला स्कूल भागलपुर से बांका लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनावी सामग्री जाएगी। वहीं पॉलिटेक्निक बरारी भागलपुर से चार विधानसभा क्षेत्र और नवगछिया इंटर स्कूल से दो विधानसभा क्षेत्र को कंडक्ट किया जाएगा। वहीं गुरुवार को मतदान कर्मियों को सुरक्षा कर्मियों के साथ गंतव्य मतदान केंद्र पर रवाना किया जा रहा है। ईवीएम मशीन और सभी चुनावी सामग्री के साथ सबों को अपने-अपने सुनिश्चित



मतदान केंद्र पर भेजा जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक सुविधाएं मुहैया करा ली गई है। बूथ के अलावा जोनल दंडाधिकारी या फिर अन्य दंडाधिकारी के साथ हर समय फोर्स मौजूद रहेंगे। वहीं 1270 बूथों पर वीडियो कास्टिंग होती रहेगी। साथ ही माइक्रो ऑब्जरवेशन से भी सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पैनी नजर रखी जाएगी। यह जानकारी जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने दी।

# वोट देने की इच्छा मन में दबायें पलायन को मजबूर प्रवासी

**पूर्वी चंपारण :** जिले में आगामी 25 मई को छठे चरण में लोकसभा चुनाव होना निश्चित है,जिसको लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासनिक तैयारियां तेज है। इसके साथ ही मतदान का प्रतिशत बढाने को लेकर गांव गांव में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।वही दुसरी ओर औधौगिक पतन व बेरोजगारी से बेहाल कृषि अर्थव्यवस्था आधारित इस जिले से मजदूरों का पलायन जारी है। गेहूं की कटाई समाप्त होते ही रोजी रोटी की तलाश में दिल्ली,मुंबई,पंजाब व कोलकाता जाने वाली सहित लंबी दूरी की हर ट्रेनों में रोज भर भर कर मजदूरों का जत्था अन्य प्रदेशो में जाने को मजबूर हैं। हिन्दुस्थान समाचार से बात करने पर इन प्रवासियों मजदूरो ने




बताया कि मन तो बहुत है,कि वोट दे,लेकिन क्या करे जिस कंपनी में काम करते है,अगर वहां समय पर नही गये तो वह मेरे जगह दूसरे मजदूर को काम पर रख लेगा और हमारा रोजी रोटी छिन जायेगा। बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर जननायक एक्सप्रेस पकड़ने के लिए बैठे बंजरिया प्रखंड निवासी मजदूरो का एक समूह में शामिल कृष्णा मुखिया,शत्रुध्न साह व रोहित बताते है,कि भाई अपना घर गांव छोड़कर दुसरे प्रदेश कौन जाना चाहता है। लेकिन क्या करे यहां रोजगार है नही? सप्तक्रांति एक्सप्रेस के इंतजार में बैठे छौड़ादानो प्रखंड के यमुना राय,हरिन्द्र और रंजीत बताते है,कि वोट देना जरूरी है,लेकिन पेट भी भरना जरूरी है। वोट देते है लेकिन सरकार बिहार में रोजगार के लिए कुछ करता तो है नही। वही मिथिला एक्ससप्रेस पकड़ने के लिए बैठे मधुबन व पकड़ीदयाल के मजदूरो के समूह में शामिल पंचमलाल,हरि पासवान,रामभरोस बताते है,कि हमे पता है,कि हमारे वोट की कितनी कीमत है,चुनाव में घर पर रहने की इच्छा तो बहुत थी, लेकिन कन्याकुमारी से कंपनी का ठीकेदार बारबार काम पर लौटने के लिए फोन कर रहा है, जिसके चलते उनको जाना पड़ रहा है।वही अवध एक्सप्रेस पकड़ने के लिए बैठे केसरिया के करीब बीस मजदूरो के समूह में शामिल चोकट सहनी हरेराम महतो व रंजीत बताते है,कि बड़ी मुश्किल से होली में छुट्टी लेकर घर आये थे। जिसके बाद गेहूँ की कटाई में ऐसे ही लेट हो गया है। कंपनी वाला बारबार फोन कर रहा है,नही आने पर दुसरे मजदूर को रखने की बात कह रहा है।वोट देने का मन तो था,लेकिन करे तो क्या करे। अपने यहां रोजी-रोजगार का अभाव है। अगर अपने यहां भी रोजगार रहता तो देश को मजबूत बनाने के लिए जरूर वोट करते। इस तरह देखा जाय तो वोटिंग की इच्छा मन में दबाये जिले के कई प्रखंडो से मजदुर रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर है।

## एक झलक

### भारतीय बाजार में सेनहैजर ने नया इयरबडस उतारा

**मुंबई:** सेनहैजर के नए इयरबड्स मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया गया है। यह एक लेटेस्ट जनरेशन वाला फ्लैगशिप इयरबड्स है। इसकी कीमत 18,990 रुपये है। इयरबड्स ब्लैक कॉपया गया है। इयरबड्स में ब्लूटूथ एलई ऑडियो के साथ एलसी 3 और ऑराकॉस्ट सुविधा दी जाएगी ।र और मेटालिक सिल्वर और ग्रेफाइट कलर ऑप्शन में आएगा। इयरबड्स की प्री-बुकिंग 24 अप्रैल से शुरू हो गई है। इयरबड्स की बिक्री 1 मई 2024 से होगी। इसे अमेजन और लीडिंग आउटलेट स्टोर से खरीदा जा सकेगा। इस इयरबड्स में प्रीमियम टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें करीब एक दर्जन अपग्रेड्स और फ्यूचर फेसिंग टेक्नोलॉजी जैसे स्नैपड्रैगन साउंड टेक्नोलॉजी के साथ क्वालकॉम सपोर्ट दिया गया है। इयरबड्स में ऑराकॉस्ट और अल्ट्रा लो लेटेंसी मोड दिया गया है। इयरबड्स में हाई परफॉर्मेंस ऑडियो एक्सपीरिएंस दिया गया है।ः इस सीरीज में हाई रेजोल्यूशन स्ट्रीमिंग सुविधा दी गई है। इयरबड्स में ब्लूटूथ 5.4 नेक्स्ट जनरेशन परफॉर्मेंस दि

### एनटीपीसी ने स्कोप बिजनेस क्विज प्रतियोगिता जीती

**नयी दिल्ली:** सरकारी क्षेत्र के विद्युत उत्पादक उपक्रम (नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन)एनटीपीसी ने कहा है कि उसे सार्वजनिक उपक्रमों के मंच स्कोप की प्रतिष्ठित स्कोप बिजनेस क्विज बोनांजा में जीत मिली है। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सार्वजनिक उपक्रम दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित किया जाता है। एनटीपीसी के अनुसार राजधानी में स्कोप सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस प्रतियोगिता में उसकी ओर से शामिल टोली में- केएम प्रशांथ, जीएम (सीसी) और अंशुमन श्रीवास्तव, डीजीएम (सीपी) शामिल थे। उन्होंने अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रमों की टोलियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा में निर्णायक प्रतिस्पर्धा जीती।

### बिहार में पेट्रोल और डीजल सस्ता

**नयी दिल्ली:** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता भी हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को भी सभी महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर ही रखी हैं। गुरुवार को बिहार में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल के दाम 19 पैसे घटकर 107.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 18 पैसे घटकर 93.84 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत 67 पैसे घटकर 103.87 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 63 पैसे घटकर 90.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, तामिलनाडु , तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये है।

## शुरूआती गिरावट के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** शुरूआती कारोबार में गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने शानदार रिकवरी की है। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, सन फार्मास्युटिकल्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर 4.21 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर कोटक महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिंदुस्तान युनिलीवर, एलटी माइंडट्री और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 9.93 प्रतिशत से लेकर 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,001 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,213 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 788 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 280.60 अंक की गिरावट के साथ 73,572.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का मामूली दबाव बनता नजर आया, जिसके कारण ये सूचकांक फिसल कर 73,556.15 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 350 अंक से अधिक की रिकवरी करके 74,066.60 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 187.12 अंक की बढ़त के साथ 74,040.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 85.50 अंक की गिरावट के साथ 22,316.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में ये सूचकांक गिर कर 22,305.25 अंक तक पहुंच गया।

## हैप्पीएस्ट माइंड्स 779 करोड़ में प्योरसॉफ्टवेयर का करेगी अधिग्रहण




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आईटी कंपनी हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 779 करोड़ रुपये में प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण करने पर ?विचार कर रही है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने 779 करोड़ रुपये की कुल खरीद पर प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी हासिल करने के लिए निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। हैप्पीएस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हैप्पीएस्ट माइंड्स परिवार में प्योरसॉफ्टवेयर दल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इस अधिग्रहण के जरिए हैप्पीएस्ट का लक्ष्य बीएफएसआई और स्वास्थ्य सेवा व जीवन विज्ञान क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को मजबूत करना है। प्योरसॉफ्टवेयर का नोएडा में मुख्यालय है और इसकी वैश्विक स्तर पर उपस्थिति है। यह केंद्रित क्षेत्रों में वैश्विक उद्यमों के साथ साझेदारी करता है जिसमें बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाएं व बीमा (बीएफएसआई), स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान, खुदरा तथा रसद के साथ ही गेमिंग और मनोरंजन शामिल हैं।

## टाटा कंज्यूमर का मुनाफा 26 फीसदी घटा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टाटा नमक और चाय जैसे कई प्रोडक्ट्स बनाती है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 26.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 212.26 करोड़ रुपये रह गया। नतीजे के साथ-साथ निवेशकों को बोर्ड ने 775 फीसदी (7.75 रुपये) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है। वहीं टाटा एलेक्सी का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में मुनाफा 2.2 फीसदी घटकर 196.93 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 201.51 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 1215.4 करोड़ रुपये था। इससे पहले वित्त वर्ष में 1320.14 करोड़ रुपये था। इस दौरान आय 15,205.85 करोड़ रुपये रही। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में यह 13,783.16 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि मुख्य रूप से ज्यादा खर्च होने के कारण कंपनी का मुनाफा कम हुआ है। इस गिरावट की वजह विलय, अधिग्रहण की लागत और वित्तीय साधनों पर मूल्य नुकसान आदि कई कारण रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने 29 नए स्टोर खोले और 6 नए शहरों में प्रवेश किया।

### जर्मन कंपनी ऑडी जून से वाहनों की कीमतों में दो फीसदी का करेगी इजाफा

**नयी दिल्ली :** जर्मन वाहन निमार्ता कंपनी ऑडी ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करेगी। कंपनी के इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने जारी बयान में कहा कि एक जून से कीमतों में बढ़ोतरी का उद्देश्य ऑटोमेकर और उसके डीलरों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के साथ ही ग्राहकों पर प्रभाव को कम करना है। कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार 33 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही थी।

## भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति भविष्य में कम गंभीर होगी : आरबीआई




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के एक सदस्य ने कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा ?कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

## एचयूएल का मुनाफा 1.6 फीसदी घटा




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के मुनाफे में गिरावट आई है ले?किन यह बाजार की उम्मीद से थोड़ा बेहतर रहा है। वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1.6 फीसदी घटकर 2,558 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,600 करोड़ रुपये था। एचयूएल की आय वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में महज 0.6 फीसदी बढ़कर 15,041 करोड़ रुपये रही, वहीं बिक्री में सालाना आधार पर केवल 2 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एक खबर के अनुसार विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 2,517.2 करोड़ रुपये मुनाफे और 15,156.7 करोड़ रुपये आय का अनुमान लगाया था। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में आय 1.7 फीसदी घटी है जबकि मुनाफा 2 फीसदी बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में एचयूएल का कुल खर्च 1.15 फीसदी बढ़कर 12,100 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,962 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में एचयूएल का सकल मार्जिन 350 आधार अंक सुधरा है और विज्ञापन तथा प्रचार पर कंपनी का खर्च 200 आधार अंक बढ़ा है। एचयूएल के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने एक रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 24 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए साधारण आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी होगी। पूरे वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का मुनाफा 10,277 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2023 में 10,120 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय बीते वित्त वर्ष 62,707 करोड़ रुपये रही जो इससे एक साल साल पहले 2022-23 में 61,092 करोड़ रुपये थी। अधिकारी ने कहा कि मांग में धीरे सुधार दिख रहा है।

### कोटक महिंद्रा बैंक के नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने की वजह से कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिये नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया। आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन, सूचना सुरक्षा संचालन में गंभीर कमियां पाए जाने पर ये कार्रवाइयां की गई हैं। बयान के मुताबिक, वर्ष 2022 और 2023 के लिए बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं से समय पर तथा सही तरीके से निपटने में बैंक के लगातार नाकाम रहने के बाद यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। आरबीआई ने दिसंबर, 2020 में बार-बार प्रौद्योगिकी संबंधी खराबी सामने आने पर एचडीएफसी बैंक पर भी नए कार्ड जारी करने और नई डिजिटल पहल शुरू करने पर रोक लगा दी थी।

## नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में मुनाफा 27 फीसदी बढ़कर 934 करोड़ रुपये




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनी नेस्ले इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में नेस्ले इंडिया का मुनाफा 27 फीसदी की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 737 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। नेस्ले ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में नेस्ले इंडिया का मुनाफा 27 फीसदी उछलकर 934 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 737 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। नेस्ले इंडिया बोर्ड ने एक रुपये के फेस वैल्यू पर 8.5 रुपये प्रति इक्विटी का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली नेस्ले ने बताया कि कंपनी का परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी के मुताबिक उसका ऑपरेशन से रेवेन्यू भी 9 फीसदी बढ़कर 5,268 करोड़ रुपये हो गया जो इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये था।

## पेज एक के शेष

**अब महापाप कर रही है ...**

और चम्बल लिंक परियोजना से सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक के लिए 2500 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। इससे अंचल की तस्वीर बदलेगी।

**जय सियाराम के घोष से भाषणों की शुरूआत**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने सम्बोधन की शुरूआत सियाराम के जयघोष से की। उन्होंने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। आप सबका उत्साह देख कर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। मुरैना ने मन बना लिया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

**एक गोली आती है तो 10 गोली चलती हैं**

मोदी ने कहा कि हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की है। कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमनें उन्हें भी खुली छूट दे दी। अगर एक गोली आती है, तो जबाव 10 गोली से होता है। अगर उधर से एक गोला आता है तो इधर से 10 तोपें चलती हैं।

**कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी इनके सामने दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि, मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे, यह मोदी की गारंटी है।

**तब राजीव गांधी ने कानून बदल दिया**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में आई तो देश में इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज देश के सामने पहली बार में एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। देश की प्रधानमंत्री बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी उनकी संतानों को मिलनी थी लेकिन पहले देश में कानून था कि बच्चों को प्रॉपर्टी मिलने से पहले सरकार उसमें से एक हिस्सा ले लेती थी।

**आगरावासियों से आज ...**

भला होगा। भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत और निर्यात के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। पुरानी सरकारों में हथियारों के दलाल परेशान हैं। भारत में जब शस्त्र बनाने की बात की जाती है, तो वे बौखला गये हैं। वे नहीं चाहते कि भारत आत्मनिर्भर बने। मोदी को रोकने के लिए वे एकजुट हो गये हैं। इसलिए फिर एक बार एनडीए सरकार लाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि हम जोर दे रहे हैं कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलियों के सबको मिले। यह भाजपा का विकास का मॉडल है। हमारा सेक्युरिज्म यही है कि बिना भेदभाव के सबको लाभ मिलना चाहिए। इससे बड़ा सामाजिक न्याय और क्या हो सकता है।

**मोदी ने सबसे हाथ उठवाया**

पीएम मोदी ने अपनी सरकार की कई योजनाओं का जिक करते हुए कहा कि हमारी योजना को प्रदेश में सबतक ले जाने में सीएम योगी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी पूरी सरकार कार्य कर रही है। आप सब जायें गांवों में, उनकी सूची बनायें, जो लाभ नहीं पाये हैं। उनसे यह भी कहिए कि मोदी आगरा में आये थे। उन्होंने यह कार्य कराने की गारंट दी है। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से हाथ उठवा कर घर-घर जाकर सूची बनाने की हामी भरवायी। उन्होंने कहा कि हमने जिस मॉडल पर कार्य किया, उससे आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। अब मोदी तुष्टीकरण से आगे बढ़ कर संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन, सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरकण में जुटा है।

अब कांग्रेस ने पीछे के दरवाजे से खेल करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण में से कुछ चोरी करना चाह रही है। कांग्रेस चाह रही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाये। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर जोरदार हमला बोला है।

**प्रधानमंत्री 01 व 02 मई को ...**

वढवाण, जामनगर और जूनागढ़ में सभाओं को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 01 मई को उत्तर गुजरात की बनासकांठा व पाटण के उम्मीदवारों के समर्थन में दिन के 3.30 बजे डीसा के हवाईअड्डा ग्राउंड पर एक सभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद नरेन्द्र मोदी हिम्मतनगर में शाम 5.15 बजे साबरकांठा, मेहसाणा और अहमदाबाद पूर्व के उम्मीदवारों के समर्थन में सभा करेंगे। अगले दिन 02 मई को प्रधानमंत्री मोदी की पहली सभा सुबह 11 बजे आणंद के शास्त्री ग्राउंड पर होगी। इस सभा में दो लोकसभा सीट आणंद और खेड़ा को फोकस किया जाएगा। दूसरी सभा दिन के 01 बजे वढवाण में होगी। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के चार, आम आदमी पार्टी का एक और निर्दलीय एक विधायक भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इससे भाजपा का मनोबल ऊंचा है। हालांकि राजकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला के क्षत्रिय समाज के विरुद्ध टिप्पणी से कुछ सीटों पर थोड़ी रस्साकशी है। भाजपा ने इन सभी क्षत्रिय बाहुल्य सीटों को प्रधानमंत्री की सभा के साथ जोड़ा है, ताकि उनका प्रभाव खत्म हो जाये। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्लस प्वॉइंट है कि जिला परिषद, तहसील, नगरपालिका और महानगर पालिका में लगभग भाजपा की सत्ता है। भरुच और भावनगर सीट इंडी गठबंधन में आम आदमी पार्टी को मिली है। भाजपा के लिए आणंद, राजकोट, बनासकांठा, वलसाड, सुरेन्द्रनगर, जामनगर सीट पर क्षत्रिय समाज की ओर से थोड़ी-बहुत चुनौती मिल रही है। भाजपा ने इसे ही देखते हुए नरेन्द्र मोदी की सभाओं का रणनीति के तहत पासा फेंका है।

**अब भारत बोलता है, तो दुनिया कान...**

चुनाव में हिन्दू-मुस्लिम कर रही है। अरब देशों के पांच मुस्लिम देशों ने नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने हैं, प्रदेश का मान-सम्मान व गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय मिश्र टेनी, विधायक लोकेन्द्र सिंह, एमएलसी अविनाश सिंह पटेल और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे।

**भारतीय ऐतिहासिक रिकॉर्ड ...**

रहे। इसलिए, आदर्श वाक्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन्हें सुलभ बनाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि आईएचआरसी की विशिष्ट पहचान और इसके द्वारा प्रस्तुत लोकाचार को स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने के लिए, लोगो और आदर्श वाक्य के लिए डिजाइन आमंत्रित करने के लिए 2023 में माईगव पोर्टल पर एक ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू की गयी थी, और प्रतिक्रिया में कुल 436 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। शौर्य प्रताप सिंह (दिल्ली) द्वारा प्रस्तुत लोगो और आदर्श वाक्य को चयनित किया गया । इसके साथ मंत्रालय ने लोगो और आदर्श वाक्य के लिए चार-चार को सांत्वना पुरस्कार भी दिये, जिसमें क्रमशः मनस्वी चंदवास्कर (इंदौर), दीपिका मंडल (बेंगलुरु), नोनंदा वर्मा (जोधपुर), शिवांशी चौहान (उत्तराखंड) और मोटो के लिए जसनीत कौर ( पंजाब), नरेश अग्रवाल (मध्य प्रदेश), राजू चटर्जी ( पश्चिम बंगाल), रिंकल (भरूच, गुजरात) से शामिल हैं। विजेता को 50,000 रुपये का पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा जबकि सभी सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को पांच-पांच हजार रुपये दिये जायेंगे।

**लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का ...**

और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा।

त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मथुरा, बुलन्दशहर ; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा।

कुछ सीटों को छोड़ कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

**मतदाता**

इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केन्द्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किये गये हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 03.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

**मतदान तैयारियां**

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 03 हेलीकॉप्टर, 04 विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किए गए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की जायेगी। 251 पर्यवेक्षक (89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4553 उड़न दस्ते, 5731 स्थैतिक निगरानी दल, 1462 वीडियो निगरानी दल और 844 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। 1237 अंतरराज्यीय और 263 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां किसी भी अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

**कौन-कौन खास नेता...**

छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। पहले चरण में मतदान का औसत लगभग 64 प्रतिशत रहा है। मणिपुर में कुछ स्थानों में दोबारा मतदान कराया गया था। मतदान सात चरणों में कराया जा रहा है। सभी सीटों के नतीजे 4 जून को आयेंगे।

## एक झलक

### भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर में क्रैश

**जैसलमेर :** जैसलमेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा पिथला-जाजिया गांव के नजदीक रोजाणियों की ढाणी में हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वायुसेना ने अपने अधिकारिक हैंडल 'एक्स' पर दुर्घटना की पुष्टि की है। वायुसेना की ओर से 'एक्स' पर लिखा गया है- 'भारतीय वायु सेना का रिमोट संचालित विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

### अजीत डोभाल ने रूसी समकक्ष से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**मॉस्को :** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बुधवार को रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से द्विपक्षीय सहयोग पर जारी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। डोभाल की यह इस माह पेत्रुशेव से दूसरी बार मुलाकात है। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के मौके पर पेत्रुशेव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। पोस्ट में कहा गया है, ह्यदोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल ने 22 मार्च को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की थी और इस खतरे से निपटने में दोहरे मानदंडों से बचने का आह्वान किया था। इस महीने की शुरूआत में डोभाल ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं वार्षिक बैठक के मौके पर पेत्रुशेव से मुलाकात की थी।

### चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली :** बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में मनीष कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मनीष कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्रवाई की थी।

### यूक्रेन ने लंबी दूरी की मिसाइल से रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन :** यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पहली बार इस्तेमाल करते हुए रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया है। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह क्रीमिया में एक रूसी सैन्य हवाई क्षेत्र और एक अन्य कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर बमबारी की गई। अमेरिका ने गत अक्टूबर में दोगुनी मारक क्षमता वाली मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराई थी। इन मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित नये सैन्य सहायता पैकेज के तहत इनमें से अधिक मिसाइल प्रदान कर रहा है। इस बीच ह्यज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के उपाध्यक्ष ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल उपलब्ध कराने का ह्ययह सही समय है। यूक्रेन को बढ़ते रूसी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली के लिए अनुरोध कर रहा था। अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई गई मिसाइल बहुत दूर स्थित रूसी लक्ष्यों पर हमला करने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करती है।

# अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को आसान बनायेगी यूपी भाजपा




चुनाव

एजेंसी

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 400 पार के लक्ष्य को आसान बनाने के लिए देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पर विशेष फोकस कर रही है। दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए उप्र की 80 लोकसभा सीटें मायने रखती हैं। इसलिए अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा उत्तर प्रदेश में विशेष रणनीति के तहत काम कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद और पूर्वांचल में सुभासपा,अपना दल व निषाद पार्टी का साथ भी भाजपा को और मजबूती प्रदान कर रहा है।

**सिटिंग प्लान का अभिनव प्रयोग पहली बार**

उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कराने के लिए भाजपा ने बूथ अध्यक्षों को बूथ से जोड़ने के लिए सिटिंग प्लान का अभिनव प्रयोग पहली बार किया। बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में सिटिंग प्लान के तहत प्रत्येक कुर्सी पर अंकित बूथ नंबर पर संबंधित बूथ के अध्यक्ष को बैठाकर उसे यह अहसास कराया जाता है कि इस बूथ को जीतने की जिम्मेदारी उन पर है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने बूथ अध्यक्षों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की इस पहल का प्रयोग अब अन्य जिलों में भी हुआ।

बूथ विजय का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता के साथ सम्पर्क व संवाद कर रहे हैं। भाजपा ने प्रत्येक बूथ पर 370 अधिक वोट प्राप्त करने का जो लक्ष्य तय किया है, उसे हासिल करने के लिए पार्टी ने बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर के पदाधिकारी को पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य बनाया है।

## दूसरे चरण में बंगाल की तीन लोकसभा सीटों पर वोटिंग, 47 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत 47 उम्मीदवारों की किस्मत शुक्रवार को राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के चुनाव में ईवीएम में बंद हो जायेगी। तीनों लोकसभा क्षेत्रों रायगंज, दार्जिलिंग और बालुरघाट में भाजपा के मौजूदा सांसद हैं, जहां शुक्रवार को मतदान होगा। तीन निर्वाचन क्षेत्रों में से, उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज निर्वाचन क्षेत्र की संवेदनशीलता के कारण वहां सुरक्षा कड़ी है। रायगंज में इस बार भाजपा के उम्मीदवार कार्तिक पॉल हैं, जिन्होंने निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा लोकसभा सदस्य देवश्री चौधरी का स्थान लिया है। वह इस बार कोलकाता दक्षिण सीट से चुनाव लड़ रही हैं। पॉल के निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस के कृष्णा कल्याणी और कांग्रेस के अली इमरान रम्ज उर्फ विक्टर हैं।

## मप्र की 06 सीटों पर 80 प्रत्याशी 1.11 करोड़ से अधिक मतदाता

**भोपाल :** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इनमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद सीट शामिल हैं। इन सीटों पर 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में प्रदेश के एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता इन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को सुबह जिला मुख्यालय पर मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इसके बाद सभी मतदान दल सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंच गये हैं।

## महाराष्ट्र में 8 सीटों पर होगा, 16 हजार 589 मतदान केन्द्र बने

**मुंबई :** महाराष्ट्र में 26 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव के दूसरे चरण में 8 संसदीय सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए कुल 16,589 मतदान केंद्र बनाकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। दूसरे चरण में कुल 204 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सामान्य मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि दूसरे चरण में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के 8 लोकसभा क्षेत्रों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़, परभणी में शुक्रवार को मतदान होगा। इसके लिए कुल 16,589 मतदान केंद्र उपलब्ध कराए गए हैं। इन पर एक करोड़ 49 लाख 25 हजार 912 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 18,471 सर्विस मतदाता ईटीपीबीएस के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले

# तेलंगाना की जनता कमल खिलाने के लिए तैयार



एजेंसी

**देहरादून/हैदराबाद :** समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू कर देश के लिए रोल मॉडल बने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा का लक्ष्य 'अबकी बार 400 पार' भेदने के साथ कमल खिलाने के लिए गुरुवार को तेलंगाना की धरती पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। साथ ही धामी ने मतदाताओं से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए निजामाबाद से अरविंद धर्मपुरी को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए जनसमर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री धामी तेलंगाना के निजामाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अरविंद धर्मपुरी के नामांकन और जीत की हुंकार भरने गए हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक युवा मुख्यमंत्री धामी के प्रचार कार्यक्रम में मातृशक्ति और युवाशक्ति की झलक दिखी। अपार भीड़ देख मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निजामाबाद के साथ तेलंगाना की जनता एक बार फिर भारी मतों से कमल खिलाने के लिए तैयार है।

## कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं : जयराम रमेश

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। आज पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकारवार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ि दर पीढ़ि संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

## भाजपा जीती, तो देश में नहीं होंगे दोबारा चुनाव : संजय सिंह



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि इस चुनाव में अगर भाजपा और नरेन्द्र मोदी जीत गए तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने सूरत से भाजपा प्रत्याशी को मिली निर्विरोध जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि देश से संविधान को खत्म करने की शुरूआत सूरत से हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा द्वारा संविधान बदलने की साजिश करने पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि सूरत में कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया।

## राकांपा के घोषणा पत्र में जातिवार जनगणना व महिला आरक्षण लागू करने का वादा




एजेंसी

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के घोषणा पत्र में जातिवार जनगणना और महिला आरक्षण लागू करने का वादा किया गया है। इसके साथ ही इस घोषणा पत्र में अग्निवीर योजना को सत्ता में आने के बाद बंद करने का ऐलान किया गया है। राकांपा (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार की मौजूदगी में गुरुवार सुबह पुणे में राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। इसके बाद पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि हम समाज के सभी वर्गों के साथ न्याय करने का प्रयास करेंगे। रसोई गैस की कीमतें 500 रुपये तक कम हो जायेंगी। जरूरत पड़ी तो केन्द्र सरकार इसके लिए सब्सिडी भी देगी, जैसा कि यूपीए के दौर में होता था। पेट्रोल-डीजल पर टैक्स का पुनर्गठन करेंगे। इस प्रकार पेट्रोल और डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को एक सीमा पर लाया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। देश भर में लगभग 30 लाख पद रिक्त हैं। हम सत्ता में आने पर इन्हें भरने पर जोर देंगे। जीएसटी देश की जनता को लूटने का काम कर रही है। इसे मानवीय चेहरा देने की जरूरत है। जीएसटी के मामले में केंद्र सरकार का हस्तक्षेप सीमित होगा।

# कलवरी क्लास की 3 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत, फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल

- सीडीएस ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया
- जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** फ्रांस की यात्रा पर गए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया। शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस ने अपनी इस यात्रा के दौरान कलवरी क्लास की 3 और पनडुब्बियां लेने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया है। फिलहाल प्रोजेक्ट-75 की पांच पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सेवा में हैं और छठी जल्दी ही कमीशन में आ जाएगी। तीन और पनडुब्बियों का सौदा 3-3.5 अरब डॉलर के बीच होने की उम्मीद है। जनरल अनिल चौहान फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर 21 अप्रैल को रवाना हुए थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सशक्त रक्षा संबंधों को और भी सुदृढ़ करना है, जिनमें पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण रूप से काफी तेजी आई है। यात्रा के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की।

## सलमान खान के घर पर गोलियां चलाने के दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ी

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर 40 गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था। यह खुलासा आरोपितों ने पुलिस जांच के दौरान किया है। उधर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया है। सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज समाप्त हो रही थी। इसी वजह से मुंबई पुलिस की टीम ने दोनों आरोपितों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। पुलिस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपितों ने जांच के दौरान बताया है कि हमें सलमान खान के घर के बाहर 40 गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था लेकिन हमने सिर्फ पांच गोलियां चलाईं।

### पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र

## भारत ने ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया मुद्दा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर के जिक्र का मुद्दा ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की पाकिस्तान यात्रा के समापन पर जारी संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख किए जाने के बाद भारत ने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। प्रवक्ता से पूछा गया था कि विदेश मंत्रालय कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त बयान को कैसे देखता है।

उल्लेखनीय है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर 22-24 अप्रैल तक पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा की। यात्रा के बाद दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि पाकिस्तान और ईरान इस बात पर सहमत थे कि कश्मीर मुद्दे को क्षेत्र के लोगों की इच्छा के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए।

# बेटी सुहाना के साथ फिल्म 'किंग' में अभिनय करेंगे शाहरुख खान

**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नए किरदार में नजर आएंगे। किंग खान की इस फिल्म में उनकी लाडली बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। इसमें सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष जैसे निर्देशक हिस्सा लेने वाले हैं। फिल्म का निर्माण शाहरुख की कंपनी 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' के तहत किया जा रहा है।

हाल ही में खबर आई थी कि शाहरुख ने इस फिल्म के लिए 200 करोड़ रुपये का भारी भरकम निवेश किया है। अब इस फिल्म में उनके रोल की जानकारी सामने आई है। इस फिल्म में शाहरुख एक अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभाएंगे। 'किंग' हॉलीवुड फिल्म 'लियोनः द प्रोफेशनल' से प्रेरित है लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष के साथ शाहरुख भी फिल्म की हर बारीकी पर मेहनत कर रहे हैं। फिल्म का नाम 'किंग' इसलिए रखा गया है, क्योंकि सुपरस्टार का किरदार 'किंग ऑफ द अंडरवर्ल्ड' है। फिल्म में शाहरुख खान गुरु की भूमिका में और सुहाना उनकी शिष्या की भूमिका निभाएंगी। दोनों के बीच कुछ जबरदस्त एक्शन सीन दिखाए जाएंगे।



## 'वंशज' में डीजे के शक ने युक्ति के सामने खड़े किये मुश्किल प्रश्न

**सोनी** सब में ये युविका महाजन की कहानी है, हाल के एपिसोड्स में युक्ति को उसकी मां भूमि सवाल करती है कि क्या वो सही कर रही है। साथ ही युक्ति, डीजे की मंगेतर कोयल के बारे में सबूत डीजे की मां गर्गी के पास पहुंचने से पहले, युविका को वापस देना चाहती है। आगे के एपिसोड्स में, महाजन परिवार लंच पार्टी रखता है जिसमें युक्ति को बुलाया जाता है। लेकिन, हर कोई उस पर शक की निगाह से देखता है और उसकी असली पहचान, सोशल मीडिया पर उसकी मौजूदगी और संबंधों से सवालों के घेरे में आ जाती है। डीजे को होली का एक पुराना वीडियो मिलता है, जिसमें युक्ति जैसी दिखने वाली एक भूरी आंखों वाली लड़की दादा जी को भागने में मदद करती हुई नजर आती है। इससे डीजे को शक होता है कि ये वही लड़की है जिसने दादा जी को भागने में मदद की थी। लेकिन युक्ति अपनी सफाई देती है कि वीडियो वाली लड़की की आंखों का रंग उससे मेल नहीं खाता, ये युविका भी हो सकती है।



# नयी प्रौद्योगिकियां बदल रही हैं आधुनिक युद्धों की परिभाषा : थल सेनाध्यक्ष

- प्रौद्योगिकी तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों ने सैन्य आधुनिकीकरण पर की चर्चा
- भारतीय रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए लगायी गयी भव्य प्रदर्शनी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं, इसलिए आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं। थल सेनाध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी सक्षम भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल में परिवर्तन की दिशा में अपना प्रयास जारी रखने के उद्देश्य से भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया। थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) की ओर से मानेकशॉ सेंटर में 'तकनीकी समावेशन का वर्ष, सैनिकों का सशक्तिकरण' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति एवं क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस संगोष्ठी सह प्रदर्शनी कार्यक्रम की शुरूआत थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। इसके बाद मुख्य व्याख्यान अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम, नीति आयोग) के मिशन निदेशक डॉ. चिंतन वैष्णव ने दिया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के साथ ही स्वदेशी हथियारों से युद्ध लड़ने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी अब प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई है, जो भू-राजनीतिक शक्ति को संचालित करती है। जनरल मनोज पांडे ने यह भी कहा कि सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विभिन्न क्षेत्रों के शस्त्रीकरण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है। उन्होंने हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं, जिससे आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। थल सेनाध्यक्ष ने इस तथ्य का भी उल्लेख किया कि इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, प्रिसिजन अटैक सिस्टम, लोइटर म्यूनिशन और स्टार-लिंक टर्मिनलों को शामिल करने वाली डिजिटल प्रौद्योगिकियों को चुनौती दे रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों, तीनों सेनाओं, रक्षा उद्योग जगत के भागीदारों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं से अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने तथा एक जीवंत राष्ट्रीय रक्षा इको-सिस्टम विकसित करने का आग्रह किया। इस संगोष्ठी को तीन सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें पहला सत्र ह्यसमसामयिक प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षमताओंह्ण पर केंद्रित था। इस सत्र का संचालन क्षमता विकास महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विनीत गौड़ ने किया। इस सत्र में आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर मयंक वत्स, डॉ. मंदिरा मजूमदार, राजीव मेहरोत्रा, वैभव गुप्ता तथा कर्नल करणदीप सिंह (सेवानिवृत्त) ने भारतीय रक्षा उद्योग की उभरती भूमिका का विश्लेषण किया।